CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 37 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 23 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# पीएम मोदी के नेतृत्व में इंडियन एयर फोर्स ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है : भजनलाल शर्मा

*रविवार को जल महल पर एयरफोर्स का ऐतिहासिक और यादगार शो प्रदर्शन, हैरतङ्गेज और आकर्षक आसमान में एयरफोर्स की प्रस्तुति देखकर लोग हो उठे रोमांचित और गौरांवित, भजनलाल शर्मा ने कहा एयर फोर्स का यह प्रदर्शन सिर्फ प्रदर्शन नहीं बल्कि साधना और तपस्या का परिणाम है, यह शो राजस्थान के युवाओं में देशभक्त की भावनाओं को और मजबूत करनेऔर एयरफोर्स में जॉइनिंग की रुचि पैदा करेगा, इस शो के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी आभार जताया और एयरफोर्स के इस लाजवाब प्रदर्शन केलिए एयर फोर्स के सभी अधिकारियों और जवानों का दिल से आभार व्यक्त किया*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जल महल पर आयोजित एयरफोर्स के आकर्षक शो के दौरान आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इंडियन एयर फोर्स ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ाया है उन्होंने कहा कि एयर फोर्स ने भारत के सभी युद्धों में बड़ी भूमिका निभाई चाहे वह 1971 की लड़ाई हो या फिर कारगिल का युद्ध हो या फिर आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई हो सभी में एयरफोर्स की भूमिका काफी सराहनीय रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर में आयोजित एयरफोर्स के कार्यक्रमों को लेकर काफी प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर में मिलिट्री और एयरफोर्स संबंधी बड़े कार्यक्रमों के आयोजन की अनुमति देकर राजस्थान के युवाओं में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने तथा एयरफोर्स में जॉइनिंग की जज्बा पैदा करने का जो प्रयास किया है उसके लिए वे प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का दिल से आभार प्रकट करते हैं और इस भव्य शो में शामिल होने वाले सभी एयरफोर्स के अधिकारियों और जवानों का भी अभिनंदन करते हैं उन्होंने कहा कि एयर फोर्स का यह शो सिर्फ प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह एयरफोर्स की साधना और तपस्या को दिखाता है इस तरह के प्रदर्शन देखकर युवाओं के दिल में एयरफोर्स में जॉइनिंग की तमन्ना बढ़ती है और देश के प्रति प्रेम की भावना और जागृत होती है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों जयपुर में इंडियन मिलिट्री की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया और अब जल महल पर एयरफोर्स का यह जो विशाल और आकर्षक शो आयोजित किया गया है उससे पूरा प्रदेश खुद को गोरांवित महसूस कर रहा है मुख्यमंत्री शर्मा ने इस बात पर भी प्रसन्नता जाहिर की की एयरफोर्स के इस लाजवाब प्रदर्शन में जयपुर के तीन लाडले ऑफिसर्स भी शामिल है जो जयपुर और प्रदेश के लोगों के लिए काफी गर्व का विषय है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में आगे कहा कि एयर फोर्स ने प्राकृतिक आपदाओं भूकंप, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय देश के लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना बड़े-बड़े अभियान आयोजित करके लोगों की जिंदगी बचाने का कार्य करती रही है इंडियन एयर फोर्स के इन अद्भुत शौर्य की गाथा से पूरी दुनिया वाकिफ है इसीलिए इंडियन एयर फोर्स की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती है द्य मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हम सबको हमारे इंडियन एयर फोर्स के अधिकारियों और जवानों पर गर्व है उन्होंने कहा कि तरह के प्रदर्शन से मिलिट्री एयर फोर्स और जनता के बीच आपस का रिश्ता और गहरा मजबूत होता है क्योंकि इस तरह के प्रदर्शन से दोनों एक दूसरे के काफी नजदीक आते हैं जिससे एक दूसरे के प्रति विश्वास प्यार और सम्मान बढ़ता है इसलिए एयर फोर्स का यह प्रदर्शन सिर्फ रोमांचित और मनोरंजन के लिए ही नहीं है बल्कि इसके पीछे एक गहरा रिश्ता और एक गहरा भाव छुपा हुआ है जो जनता और मिलिट्री के संबंध को अंदर ही अंदर मजबूत करता रहता है इंडियन एयर फोर्स रविवार को जयपुर के जल महल के ऊपर एक शानदार और शो और हेलीकॉप्टर स्टंट का आयोजन किया जिसे दर्शकों को रोमांचित कर दिया इस इवेंट में 'सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम 'और 'सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले' ने आसमान में तिरंगा दिखाते हुए अपनी बेहतरीन उड़ान कला का प्रदर्शन किया सूर्य किरण टीम में तीन पायलेट जयपुर से थे और कुल मिलाकर 9 सूर्य किरण जीत और 6 सारंग हेलीकॉप्टर ने मिलकर एक अद्वितीय एरोबिक शो पेश किया इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा विपक्ष के नेता टीकाराम जूली कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा वन मंत्री संजय शर्मा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्य सचिव श्रीनिवास भी मौजूद रहे कार्यक्रम में शामिल एयर मार्शल तेजेंद्र सिंह और कमांडर इन की साउथ वेस्टर्न एयर कमांड ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस इवेंट की शानदार सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की उन्होंने कहा कि यह मुख्य डिस्प्ले है और यह रविवार होने की वजह से भी शानदार रही है राज्य प्रशासन और पुलिस ने बेहतरीन इंतजाम किए हैं जिससे यह इवेंट बिना किसी रूकावट के सफलतापूर्वक संपादित हुआ हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह शो बहुत पसंद आया होगा एयर मार्शल तेजेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी सारंग हेलीकॉप्टर टीम विश्व की एकमात्र क्लोज फॉर्मेशन एरोमेटिक टीम है सूर्य किरण टीम हाक एयरक्राफ्ट उड़ती है जो एक टेक्निकल फाइटर एयरक्राफ्ट है यह दोनों टीम विभिन्न प्रकार के क्लोज मैन्युअल और डायनामिक एरोमेटिक मैन्युअल करती है जो दर्शकों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सुरक्षा और तैयारी के लिए हमारी टीम इलाके का गहन निरीक्षण करती है और राज्य व जिला प्रशासन हमारी मदद करते हैं मौसम और तकनीकी सहायता के साथ हर पहलू की तैयारी की जाती है ताकि कार्यक्रम में रुकावट नहीं आए यह और शो भारतीय एयरफोर्स के कैलेंडर का एक अहम हिस्सा है और इसका उद्देश्य भारत के विभिन्न हिस्सों में लोगों तक पहुंचकर उन्हें एयर फोर्स की ताकत और कौशल से परिचित करवाना है ।

## अश्विनी वैष्णव के प्रयासः

## वैश्विक रेल मानचित्र पर भारत की छाप, दसवां स्वदेशी 3300 एचपी लोकोमोटिव मोजाम्बिक की पटरी पर दौड़ेगा






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देशन और मार्गदर्शन में इंडियन रेलवे नई-नई बुलंदियों को छूने लगा है इंडियन रेलवे ने विश्व रेलवे मानचित्र पर खुद को शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है इसी क्रम में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। बरेका द्वारा निर्मित स्वदेशी 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि बरेका को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावरएसी-एसडीजल-इलेक्ट्रक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों का निर्यात आदेश प्राप्त हुआ था। इन लोकोमोटिवों की आपूर्ति एमएस राइट्स के माध्यम से 10 लोकोमोटिवों के निर्माण एवं निर्यात के अनुबंध के अंतर्गत की गई है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में, तीसरा सितंबर में, चौथा अक्टूबर में तथा पाँचवाँ लोकोमोटिव 12 दिसंबर को भेजा गया था। इसके पश्चात छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर 2025,सातवां 8 जनवरी 2026, आठवां 23 जनवरी 2026, नौवां लोकोमोटिव 17 फरवरी 2026 को रवाना किया गया था यह निर्यात वैश्विक मंच पर लोकोमोटिव निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है। बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर केप गेज लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ जैसे रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक केबिन डिजाइन उपलब्ध हैं, जो चालक सुविधा और परिचालन दक्षता को और अधिक बेहतर बनाते हैं। भारतीय रेल की उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) जो वाराणसी में स्थित है, अब लोकोमोटिव निर्माण के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वदेशी डिजाइन और उन्नत रेलवे प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के बल पर बरेका वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बरेका श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव निर्यात कर चुका है, जिससे उन देशों की रेलवे प्रणालियों के विकास में सहयोग मिला है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विज़न के अनुरूप, ये निर्यात भारतीय रेल की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं जिसके माध्यम से वह विश्व में प्रचलित विभिन्न गेज प्रणालियों के अनुरूप रोलिंग स्टॉक का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति कर सकती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल भागीदार देशों को उनके रेल अवसंरचना उन्नयन में सहयोग प्रदान कर रही है, साथ ही रेलवे रोलिंग स्टॉक एवं संबंधित सेवाओं के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत कर रही है। लोकोमोटिव निर्यात के क्षेत्र में बरेका की ये उपलब्धियाँ भारत की बढ़ततकनीकीआत्मनिर्भरता तथा वैश्विक रेलवे उपकरण बाजार में उसके निरंतर विस्तारित होते प्रभाव को प्रतिबिंबित करती हैं।

## भजनलाल शर्मा 6 मार्च को कोटा को 4600 करोड रुपए के विकास कार्यों की देंगे सौगात, मोदी भी कार्यक्रम से लाइव जुड़ेंगे





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी 6 मार्च को कोटा में एक शानदार कार्यक्रम में 4600 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने वाले हैं यह सौगात जल और सिंचाई परियोजना से जुड़ी हुई है इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लाइव जुड़ेंगे इसलिए कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर तैयारी में जुट गए हैं इसी क्रम में नगर ने शंभूपुरा में कार्यक्रम स्थल का दौरा किया तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से इस सभा की तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास भी कर सकते हैं इस एयरपोर्ट के लिए ओम बिरला पिछले कई सालों से प्रयासरत थे इस एयरपोर्ट की मंजूरी दिलवाने में ओम बिरला की बड़ी भूमिका रही है पिछले लोकसभा चुनाव में भी ओम बिरला ने क्षेत्र के लोगों से वादा किया था कि वह इस बार एयरपोर्ट की सौगात जरूर दिलाएंगे अब केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद राजस्थान सरकार पहले से ही एयरपोर्ट की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार थी सभी तरह की प्रारंभिक तैयारियां एयरपोर्ट के लिए संपूर्ण कर ली गई है इसलिए कहा जा रहा है कि इसी कार्यक्रम में इस एयरपोर्ट का शिलान्यास भी हो सकता है इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटा बूंदी के विकास के लिए हमेशा सतत प्रयास करते रहते हैं बिरला लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करते रहते हैं लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं का समाधान करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते ओम बिरला के बारे में कहा जाता है कि जब दिल्ली में संसद की कार्रवाई चल रही होती है उसे समय ही ओम बिरला दिल्ली में रहते हैं अन्यथा बाकी के दिनों में बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही नजर आते हैं इसीलिए उनके कार्यकाल में कोटा बूंदी निर्वाचन क्षेत्र में बड़े स्तर पर विकास कार्य भी हुए हैं पिछले 2 साल में कोटा बूंदी निर्वाचन क्षेत्र में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने का फायदा भी यहां के लोगों को मिला है हालांकि जो प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी उस समय भी ओम बिरला अपने क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए पिछली गहलोत सरकार से निरंतर संवाद करते रहते थे जिसमें कई बार उन्हें सफलता भी मिली भाजपा की सरकार नहीं होने के बावजूद भी उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में कई बड़े कार्य करवाए लेकिन अब केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से ओम बिरला कोटा बूंदी क्षेत्र में दिल्ली और जयपुर दोनों के सहयोग से कई बड़े विकास कार्य और विकास परियोजनाएं आरंभ करवाने में सफल हुए हैं कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए बिरला काफी समय से प्रयास रखें इस बार उन्हें केंद्र सरकार से एयरपोर्ट की स्वीकृति दिलवाने में कामयाबी मिली और अब हाडोती संभाग के बड़े-बड़े कारोबारी उद्योगपति भी इस एयरपोर्ट के शिलान्यास से काफी खुश और उत्साहित नजर आ रहे हैं ।

## अजमेर जिला कलेक्टर की मध्यस्थता से सफाई कर्मचारी और नगर निगम के बीच समझौता होने से सफाई कर्मचारियों के हड़ताल समाप्त



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** अजमेर जिला कलेक्टर लोकबंधु की सक्रियता से पिछले 7 दिनों से अजमेर में संपादित हो रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल अब समाप्त हो गई है सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए हैं सफाई कर्मचारियों की ओर से आठ सूत्री मांग पत्र नगर निगम प्रशासन को दिया गया था जिस पर नगर निगम प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के बीच पिछले 7 दिनों से टकराव के हालत बनी हुई थे नगर निगम प्रशासन की ओर से मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं होने की वजह से सफाई कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त करने के लिए राजी नहीं हो रहे थे जिसकी वजह से अजमेर शहर में जगह-जगह कचरा के ढेर नजर आने लगे थे कई तरह की बीमारियों की आशंका और आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 28 फरवरी को अजमेर जिले के दौरे पर हैं इन सब के मध्य नजर अजमेर के जिला कलेक्टर दीनबंधु ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को काफी गंभीरता से लिया और एक अच्छे मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए नगर निगम प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के बीच आपस में समझौता करवाया है जिसमें सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया गया है मांगों पर सकारात्मक रवैया दिखाने पर सफाई कर्मचारी भी हड़ताल समाप्त करने को राजी हो गए जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारियों की ओर से स्वास्थ्य ऑफिसर को हटाने बायोमेट्रिक तरीके से हाजिरी नहीं करने तथा सफाई कर्मचारी की भुगतान प्रक्रिया के बारे में सतत रूप से सफाई कर्मचारियों को जानकारी देने, सफाई कर्मचारियों की नई नियुक्ति करने और कई अन्य मांगी थी जिन पर जिला कलेक्टर की मध्यस्थता से नगर निगम प्रशासन ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है इसके बाद सफाई कर्मचारी भी हड़ताल समाप्त करने को राजी हो गए जानकार लोगों का कहना है की सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से विश्व भर में प्रसिद्ध अजमेर शहर की हालत गंदगी से और कचरे के देर से काफी खराब हो गई थी हालांकि नगर निगम प्रशासन की ओर से थोड़ी बहुत वैकल्पिक व्यवस्था की गई लेकिन इस वैकल्पिक व्यवस्था से अजमेर शहर की सफाई व्यवस्था सुधर नहीं पा रही थी अजमेर में बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक यहां घूमने आते हैं ।

# हमारी सरकार विमुक्त घुमंतू, अर्ध घुमंतु समाज के कल्याण और उत्थान के लिए सतत रूप से कर रही है काम : भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज के कल्याण और विकास के लिए निरंतर सतत रूप से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में समाज के कल्याण और विकास के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी और आगे भी हमारी सरकार इस समाज के विकास के लिए कार्य करती रहेगी मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को अंबाबाड़ी में आयोजित विमुक्त घुमंतू, अर्ध घुमंतु अधिकारी कर्मचारी प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि घुमंतू समाज ने प्रदेश और देश की संस्कृति, पारंपरिक विरासत कला संगीत इत्यादि को जीवंत रखने में बड़ी भूमिका निभाई है और समाज ने अपनी प्रतिभा से भारत में ही नहीं बल्कि विदेश में भी भारतीय संस्कृति की छाप छोड़ी है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज में युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता को और पैदा करना होगा युवा पड़ेगा तो देश और प्रदेश आगे बढ़ेगा उन्होंने कहा कि घुमंतू समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है इसलिए उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा और इसके लिए सरकार उनके साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़ी है सरकार हर तरह से उनका सहयोग करने को तैयार है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवा नीति लेकर आई है और प्रतिभाओं को सामने लाने का काम सरकार के साथ हम सबका है उन्होंने समुदाय के आर्थिक और सामाजिक योगदान की सराहना की और कहा कि सरकार द्वारा सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस समाज के लोगों का योगदान आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से अमूल्य है अंग्रेजों के दौर में भी उनके योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता था उन्होंने समाज की भूमिका को हमेशा याद रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि समाज को व्यापार और उद्योग जगत में और ज्यादा अपनी सक्रियता दिखानी होगी समाज औद्योगिक क्षेत्र में भी प्रगति करें इसके लिए सरकार उनका पूरा समर्थन और सहयोग करेगी उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका कल्याण की थीम के आधार पर काम करती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में कार्य करती है हमारी सरकार गरीब वंचित और जरूरतमंद लोगों की भलाई और कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है इसलिए पिछले 2 साल में हमने घुमंतू समाज के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े काम किया और आगे भी हम इस समाज को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है और इसलिए प्रदेश और देश के विकास में घुमंतू समाज जैसा अब तक अपनी बड़ी भूमिका निभाते आ रहा है आगे भी ऐसे ही भूमिका निभाते रहे समाज को आगे बढ़ाने में हमारी सरकार कहीं भी पीछे नहीं रहेगी उन्होंने समाज के युवाओं से भी आग्रह किया कि वह मन लगाकर पढ़ें पढ़ाई का महत्व समझें और अपने जीवन को उज्जवल भविष्य की ओर लेकर जाएं द्यकार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटते समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटू श्याम जी मेले में पैदल जा रहे भक्तों के लिए आयोजित किए गए भंडारे में सेवा की और उन्होंने खुद अपने हाथों से भक्तों को खाद्य पदार्थ चाय फल फ्रूट इत्यादि वितरित किए मेले में जा रहे पैदल श्रद्धालु भी मुख्यमंत्री के हाथों से प्रसादी ग्रहण करके काफी खुश नजर आ रहे थे और मुख्यमंत्री लोगों में अपने व्यवहार और कार्य शैली से चर्चा का विषय बन रहे भंडारे में शामिल लोग भी मुख्यमंत्री की इस मानव सेवा की भावना से काफी प्रभावित हुए लोगों का कहना था कि रविवार को मुख्यमंत्री का दिन भर का काफी व्यस्त कार्यक्रम था लेकिन इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री शर्मा ने काफी देर तक खाटू श्याम जी मेले में जा रहे श्रद्धालुओं को भंडारे में अपने हाथों से खाद्य सामग्री देते रहे और हाल-चाल पूछते रहे सम्मेलन के दौरान लौटते समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चाय की दुकान पर ही अपने एक नए अंदाज में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करने लगे और चाय की चुस्कियां के साथ वहां मौजूद महिला छात्र-छात्राओं और आमजन से आत्मीय भाव से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा सरकार के कामकाज के बारे में पूछा सरकार की योजनाओं के बारे में पूछा अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में पूछा और वहां मौजूद सभी लोगों से उन्होंने खुलकर अपनी समस्या बताने को कहा मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत के दौरान ऐसा महसूस ही नहीं होने दिया कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं ।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
23 फरवरी, 2026


## बाबा मस्तनाथ जी का वार्षिक मेला आज से



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मठ अस्थल बोहर रोहतक में दिल्ली सहित देश के कोने कोने से श्रद्धालुओं के पंहुचने का सिलसिला जारी, नागा साधुओं सहित विभिन्न मठों के गद्दीनशीन मंहत संत योगेश्वर 23-25 फरवरी तक सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे मठ अस्थल बोहर, 3 दिन चलने वाले मेले को लेकर गद्दी नशीन महंत श्री बालकनाथ जी ने मेला स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## राज्य पुरस्कार प्राप्त करने पर किया गया स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा जिला मुख्यालय नजर बगीची में चिंतन दिवस के रूप में सम्मान समारोह मनाया गया। इस मौके पर राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स को जिला कमिश्नर रेंजर प्रोफेसर बाबूशोभाराम महाविद्यालय डॉ. सुनीता मीणा ने राज्य पुरस्कार प्राप्त करने के उपलक्ष्य में उनका सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह गतिविधि बालकों में शारीरिक, मानसिक, भौतिक, आध्यात्मिक एवं सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करती है। बालक बालिकाओं में आत्मविश्वास को विकसित करके सीखने की रुचि पैदा करती है। हुडिया कला के डायरेक्टर ताराचंद संस्कार भारती ने स्काउट गाइड को चिंतन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीओ स्काउट राजेंद्र मीणा ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के बारे में रोवरेंजर्स एवं स्काउट गाइड को वन्यजीव का संरक्षण पर संक्षिप्त जानकारी दी। स्काउट गाइड की जिला सचिव विजयलक्ष्मी रोहिला ने बताया 121 गाइड, 25 रेंजर, 246 स्काउट एवं 13 रोवर्स ने राज्य पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इस अवसर पर राजकुमार, कृष्ण कुमार, चंद्रभान, दिनेश, ऋतु गुप्ता, प्रीति शर्मा सहित बडी संख्या में स्काउट गाइड मौजूद रहे।

## अलवर में पहली बार हो रही है श्री श्याम कथा,

### निकली निशान यात्रा, आज होगी बाबा की कथा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के स्कीम दो स्थित बैकुंठधाम मंदिर के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर 20 फरवरी से 01 मार्च तक श्री श्याम कथा आयोजन से पहले रविवार को श्री बैकुंठ धाम मंदिर से निशान यात्रा निकाली गई। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि निशान यात्रा में 101 भक्तजन निशान लेकर चल रहे। बैंड बाजे के साथ श्रीश्याम कथा को सिर पर रखकर भाव भक्ति में चल रहे थे। विभिन्न मार्गो से होते हुए निशान यात्रा मंदिर श्री बैकुंठ धाम पहुंची, जहां आरती हुई ओर प्रसाद वितरण हुआ। साथ ही यात्रा में भक्तों के द्वारा जगह ठंडा जल व प्रसाद वितरण किया गया ओर पुष्पों की वर्षा की गई। कथा स्थल पर श्री श्याम कथा का पूजन और स्वागत किया गया। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि सोमवार को दोपहर 3 बजे से पांच दिवसीय श्री श्याम बाबा की पावन कथा प्रारंभ होगी, जो 27 फ़रवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को फाग उत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही सुंदरकांड का पाठ होगा ओर प्रातः यज्ञ के पश्चात भंडारा होगा।

## रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फागोत्सव की धूम

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** डिग्गी रोड़ स्थित रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रघुनाथपुरा (रातल्या) डिग्गी रोड, सांगानेर जयपुर के प्रांगण में फागोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी संकाय सदस्यों व छात्र छात्राओं ने भजन संध्या का आनन्द उठाया। फागोत्सव कार्यक्रम में पं. मदन शर्मा एंड ग्रुप को आमन्त्रित किया गया जिन्होने 'होलिया में उड़े रे गुलाल, रंग मत डालो रे सांवरिया, अरे जा रे हट नटखट, होली खेले रे रघुवीरा आदि भजन गाकर समां बांध दिया। छात्र छात्राओं ने इन भजनों पर फूलों के साथ होली खेली व नृत्य भी प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, प्राचार्या डॉ. प्रतीक्षा शर्मा व सभी प्रवक्ताओं ने फागोत्सव की आनन्दमय प्रस्तुती पर सभी को होली की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के अन्त में सभी ने गुलाल का तिलक लगाकर तिलक होली खेलने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### अलवर का नाम हुआ रोशन

## राष्ट्रीय स्तर पर अलवर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के सम्मानित होने पर सभी ने जताई खुशी

### राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RSLSA) के तत्वावधान में जयपुर में हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला न्याय क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक हर्ष का विषय है कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RSLSA) के तत्वावधान में जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) के मुख्य सभागार में आयोजित 'साइबर सुरक्षाः जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुंच' विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान अलवर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता RSLSA स्पोर्ट्स फॉर अवेयरनेस - उड़ान 2.0' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अलवर के होनहार खिलाड़ी आकाश पुत्र राजेन्द्र और अन्वेष पुत्र सलीम खान को इस गरिमामयी मंच पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय एवं भारत के मनोनीत मुख्य न्यायाधीश द्वारा इन बच्चों को उनकी इस असाधारण उपलब्धि और खेल कौशल के लिए अपने कर-कमलों से पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश व रालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा, तथा उच्चतम न्यायालय एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगणों की विशिष्ट उपस्थिति रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन जैसे प्रतिष्ठित मंच पर अलवर के बच्चों का सम्मानित होना न केवल जिले बल्कि सम्पूर्ण न्याय क्षेत्र के लिए एक मिसाल है, जो समाज में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखारने और युवाओं में विधिक चेतना व अनुशासन के प्रसार को एक नई दिशा प्रदान करेगा। यह ऐतिहासिक अवसर देशभर से आए विधिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के दिग्गजों की मौजूदगी में संपन्न हुआ, जिसने अलवर के इन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां दी हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना करते हुए इस सफलता को जिले के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय बताया है।

## केंद्रीय मंत्री यादव ने मुण्डावर में सागर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास, जल संरक्षण को बताया सबसे बड़ी प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बावड़ी रोड स्थित सागर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और पानी को बचाना ही धरती माता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में एक क्रिकेट मैच के दौरान इस क्षेत्र में आने पर उन्होंने यहां के प्राकृतिक वातावरण और संभावनाओं को देखते हुए जल भंडारण क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया था, जिसके परिणामस्वरूप इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि सागर जलाशय के जीर्णोद्धार से वर्षा जल का स्थायी संग्रहण संभव होगा, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर बढ़ेगा और मुण्डावर सहित आसपास के क्षेत्रों में जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से आह्वान किया कि इस योजना के संरक्षण और बेहतर संचालन के लिए एक समिति का गठन करें तथा जलाशय के आसपास हरियाली बढ़ाने, सड़क किनारे पौधारोपण करने और इस क्षेत्र को एक आदर्श हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। केंद्रीय मंत्री ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अवैध खनन को रोकना अत्यंत आवश्यक है और यह धरती माता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में स्थानीय प्रजातियों के पौधों का अधिक से अधिक रोपण किया जाए तथा कुछ क्षेत्रों को संरक्षित कर प्राकृतिक रूप से हरित क्षेत्र विकसित किया जाए, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे और पशुओं के लिए भी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हो सकें। यादव ने कहा कि पानी का निर्माण संभव नहीं है, केवल उसका संरक्षण और पुनः उपयोग ही किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि देश में मीठे पानी की उपलब्धता सीमित है, इसलिए जल संरक्षण और जल पुनः उपयोग की दिशा में ठोस प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने भिवाड़ी में प्रगतिरत 34 एमएलडी संयंत्र जल शोधन एवं भंडारण परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि उपचारित जल का उपयोग उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे मीठे पानी की बचत होगी और जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। उन्होंने कहा कि सागर जलाशय का जीर्णोद्धार पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो एक आदर्श मॉडल बन सकती है।

### अतिथियों ने स्थानीय लोगों साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

प्रधानमंत्री ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने स्थानीय निवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की प्रगति का सफर हमसे साझा करते हैं। उनके प्रेरणादायी विचार हम सभी के लिए राष्ट्र सेवा, सामाजिक समर्पण एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में निरंतर ऊर्जा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव, डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, बन्नाराम मीणा, डॉ मोहित यादव, इंद्र यादव, अंजली यादव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** मुंडावर के सचखंड नर्सिंग कॉलेज परिसर में विशाल चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का अवलोकन कर लोगों को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों के द्वारा सम्मान स्वरूप मिनी लाइब्रेरी भेंट की।

## माधव सेवा समिति भवन का लोकार्पण, सेवा व शिक्षा के संकल्प के साथ 51 लाख की घोषणा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अंबेडकर नगर स्थित प्लॉट नंबर दो पर निर्मित श्री माधव सेवा समिति भवन का लोकार्पण गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए गणमान्य अतिथियों एवं लगभग 200 समाज बंधुओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। समारोह में प्रवासी भारतीय राजीव डागा एवं उनकी धर्मपत्नी नीतू डागा, मुंबई के उद्योगपति शशि खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता खंडेलवाल, राज्य सूचना आयुक्त एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी महेंद्र पारख तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक नंदलाल जोशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। राज्य सूचना आयुक्त महेंद्र पारख ने अपने संबोधन में समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और संस्कार निर्माण की गतिविधियों की सराहना करते हुए इन्हें समाज के लिए उत्कृष्ट पहल बताया। प्रवासी भारतीय राजीव डागा ने गुरु प्रेरणा से गरीब एवं प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का संकल्प दोहराते हुए भवन निर्माण हेतु 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। उद्योगपति शशि खंडेलवाल ने कहा कि संस्था के मंत्री विमल कुमार जैन के विचारों से उनकी सोच मेल खाती है और वे भी चाहते हैं कि योग्य एवं जरूरतमंद बालक नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नंदलाल जोशी ने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आज देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और इसमें जाति-धर्म का कोई बंधन नहीं है। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि सामान्य परिवार से उठकर भी व्यक्ति अपनी योग्यता और संस्कारों से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा भारती के सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में माता और प्रारंभिक शिक्षक ही उसके सबसे बड़े गुरु होते हैं। उनके गीत-संगीतमय प्रवचन से उपस्थितजन भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. के.के. गुप्ता के स्वागत उद्बोधन से हुआ। संस्था के मंत्री विमल कुमार जैन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि अध्यक्ष ओम प्रकाश ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अनेक समाज बंधुओं ने भवन निर्माण कार्य हेतु सहयोग की घोषणाएं भी कीं। समारोह में डॉ. के.के. गुप्ता, ई. सुभाष जोशी, अपना घर आश्रम के संरक्षक अशोक मेठी, डॉ. भूपेंद्र गुप्ता, डॉ. सरोज गुप्ता, डाटा ग्रुप के पदाधिकारी, रोटरी क्लब, होप फाउंडेशन, लघु उद्योग संघ सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समिति द्वारा समाज के लगभग 50 कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## रक्तदान शिविर में 58 यूनिट रक्त संग्रहित, बच्चों की पेंटिंग व सीपीआर प्रशिक्षण भी आयोजित

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को सेठ माखन लाल महावर चैरिटेबल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के दौरान रक्तदान के साथ-साथ बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता तथा फर्स्ट एड एवं सीपीआर (CPR) प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। रक्तदाताओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान में सर्वाधिक योगदान देने पर गिरीश गुप्ता को सम्मानित किया गया। फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण डॉ. शैलेन्द्र शर्मा द्वारा दिया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जैतिक तिवारी को पुरस्कृत किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में यशवी सिंघल एवं चकशिका किरोड़ीवाल ने विजेता स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रवीन शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. सरोज गुप्ता, सतीश रूस्तगी एवं रवि अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि समाजहित में ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

## सामान्य चिकित्सा में बैड की संख्या में बढ़ोतरी की घोषणा पर चिकित्सालय कर्मियों ने जताया वन राज्यमंत्री शर्मा का आभार

### वन राज्यमंत्री ने साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश, आमजन से अलवर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने में सहयोग करने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा का बजट घोषणा में राजकीय सामान्य चिकित्सालय में बैड संख्या बढ़ाकर 750 करने की घोषणा पर सामान्य चिकित्सालय के कार्मिकों ने अभिनन्दन कर आभार जताया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए अब तक के तीनों बजटों में अलवर शहर एवं अलवर जिले को विकास की अनेकों सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और इनफॉर्म की थीम पर प्रदेश के हर वर्ग किसान, युवा एवं महिला की उन्नति और प्रदेश के विकास के लिए समर्पित बजट है, जिसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल आपूर्ति, महिला सुरक्षा और किसानों की आमदनी को बढाने के लिए काम किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य चिकित्सालय बैड संख्या में बढ़ोतरी होने से स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी और आमजन को लाभ होगा। जिले के लिए बजट में विभिन्न सौगातें देने पर उन्होंने उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान सहित चिकित्सालय के कार्मिक मौजूद रहे।

**साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश**

इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राजकीय सामान्य चिकित्सालय परिसर में संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत चलाए गए साफ-सफाई अभियान में शिरकत की तथा साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अलवर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने में सभी नागरिकों सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने निरंकारी मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सफाई अभियान निरंकारी सेवा द्वारा आयोजित किया गया है यह स्वच्छता की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे आमजन में स्वच्छता के प्रति और अधिक जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में विगत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में अलवर ने देश में 364वें स्थान से एक बड़ी छलांग लगाते हुए 54वीं रैंक हासिल की तथा इसमें और अधिक सुधार करने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अपने घरों व प्रतिष्ठानों के आसपास सफाई रखने के साथ कचरे को डस्टिबिन में डालकर अलवर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने में सहयोग करें। संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक सोमनाथ निरंकारी ने बताया कि निरंकारी संत गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से निरंकारी सेवादारों द्वारा राजकीय चिकित्सालय शिशु चिकित्सालय महिला चिकित्सालय टीवी चिकित्सालय एवं ईएसआईसी डिस्पेंसरी में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही राजगढ़ में अमृत कार्यक्रम के तहत निरंकारी भवन से जागरूकता रैली निकाल कर झरना धाम पर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस दौरान अमृत खत्री, शिल्लीराम एवं शिक्षक सुंदर सिंह, राकेश कुमार, मधु सैनी सहित बड़ी संख्या में निरंकारी सेवादार मौजूद रहे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
23 फरवरी, 2026

## पीएम का संवाद राष्ट्र के विकास, नवाचार और सांस्कृतिक चेतना को देता है नई दिशाः मदन राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण के उपरांत कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला यह संवाद राष्ट्र के विकास, नवाचार और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देता है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एआई शिखर सम्मेलन के संदर्भ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सदुपयोग पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीक का उद्देश्य मानवता की सेवा और देश की प्रगति होना चाहिए। कृषि, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन जैसे क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक के उपयोग से किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक पहल हो रही है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित और सम्मानित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। भारत चावल उत्पादन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है, यह गर्व का विषय है। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी अत्यंत प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री द्वारा रमजान और होली जैसे पर्वों का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता और सर्वधर्म समभाव का संदेश देना भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और राष्ट्रगौरव की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। संसद भवन और अन्य राष्ट्रीय स्थलों पर महान विभूतियों को सम्मान देना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रभक्ति को सर्वोपरि मानते हुए समाज के उत्थान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विस्थापितों को उनका उचित मुआवजा मिलना चाहिए। यदि कहीं भ्रष्टाचार हुआ है तो जांच के आधार पर दोषियों को कठोर दंड दिया जाएगा। कठोर दंड के प्रावधानों से अपराध पर अंकुश लगेगा और व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और समरस भारत की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान है। भाजपा संगठन इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अजीत माढण, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता स्टेफी चौहान, मनीषा सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डोटासरा और जूली ने एक बार फिर साबित किया कांग्रेसियों का झूठ बोलो और भाग जाओ वाला चरित्रः अरुण चतुर्वेदी




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कांग्रेस नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का चरित्र 'झूठ बोलो और भाग जाओ' का रहा है। हाल ही में राजस्थान विधानसभा में हुए घटनाक्रम ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने चेहरे से नकाब हटने के डर से लोकतंत्र की हत्या की, झूठ बोला, हंगामा किया और 8 करोड़ प्रदेशवासियों के धन का दुरुपयोग करते हुए सदन का समय नष्ट किया। इतना ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एक बार फिर अपने ही दल के षड्यंत्र में फंसते नजर आए। गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने सदन में हंगामा कर जूली को बोलने से रोकने का प्रयास किया, जो कांग्रेस की आंतरिक कलह को दर्शाता है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड सदन में प्रस्तुत कर तुलनात्मक बहस की चुनौती दी थी, लेकिन कांग्रेस के पास जवाब न होने के कारण उन्होंने सदन में हंगामा कर कार्यवाही बाधित की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज 'सरकार @ 2 वर्ष प्रगति एवं उत्कर्ष 2024-25-26' को 16 फरवरी को कार्य सलाहकार समिति की बैठक में सभी सदस्यों के समक्ष रखा गया था। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक यह दस्तावेज सभी विधायकों को उपलब्ध कराया गया। इसके बावजूद कांग्रेस ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। 21 फरवरी को जब इस विषय पर चर्चा शुरू हुई तो कांग्रेस ने हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित की। चतुर्वेदी ने कहा कि यह घटनाक्रम स्पष्ट करता है कि कांग्रेस का आचरण लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और वह तथ्यों पर बहस से बचने का प्रयास कर रही है। चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र–2023 के 392 बिंदुओं में से लगभग 285, यानी करीब 73 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं या कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार भाजपा सरकार की बजट घोषणाओं में से लगभग 66 प्रतिशत घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने दो वर्षों में 2719 बजट घोषणाएं कीं, जिनमें से 90 प्रतिशत की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं। इसके विपरीत, पिछली कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में 4148 घोषणाएं की थी, जिनमें से 2208 (लगभग 53 प्रतिशत) पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने अंतिम वर्ष 2023-24 में 1426 घोषणाएं कीं, जिनमें से 1142 (करीब 80 प्रतिशत) पर कोई कार्य नहीं हुआ। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक उपस्थित रहें।

# भजन लाल की प्रेरणा और कलेक्टर की कड़ी मेहनत ने जयपुर के ग्रामीण इलाकों की बदल दी तस्वीर, ग्रामीणों में खुशी का माहौल










### जयपुर में 15 महीनों में 1700 से ज्यादा रास्ते खुले, लाखों ग्रामीणों की राह हुई आसन, ग्रामीण इलाकों में राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी कर रहे अभियान की सतत मॉनिटरिंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** सुशासन और जनहित सर्वोपरि की नीति को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन की ओर से अनेक नवाचार और नई पहल की गई है जिसमें जिले के लोगों को काफी राहत मिल रही है इसी में एक है जयपुर जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित रास्ता खोलो अभियान जिसने मात्र 15 महीनों में ग्रामीण अंचलों की तस्वीर बदल दी है। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल से जयपुर जिले में वर्षों से बंद पड़े 1700 से अधिक रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है। रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की सतत एवं सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। वहीं मौजमाबाद तहसील में 132 रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में रास्ता खोलो अभियान केवल मार्ग खोलने तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को सुगम बनाने का सशक्त माध्यम बन गया है। 15 नवम्बर 2024 से 21 फरवरी 2026 की अवधि में रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर में कुल 1 हजार 703 रास्ते खुलवाए गए। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी के तहत सहमति और समझाइश से गांवों, खेतों और ढाणियों के वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खोला जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के तहत फागी तहसील में सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। इसके बाद मौजमाबाद में 132, आंधी में 119, चौमूं में 103, शाहपुरा में 100, फुलेरा एवं चाकसू में 91-91, जमवारामगढ़ में 90, आमेर एवं दूदू में 89-89, रामपुरा डाबड़ी में 85, माधोराजपुरा में 83, बस्सी में 81, जोबनेर में 79, किशनगढ़ में 75, कोटखावदा में 72, जालसू में 70, तुंगा में 57, सांगानेर में 34, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खुलवाए गए। रास्ता खोलो अभियान से जिले में वर्षों से अवरुद्ध आवागमन मार्ग पुनः सुचारु हुए हैं और ग्रामीणों को सीधी राहत मिली है, जिससे जिले में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ ग्रामीणों और किसानों को सीधा लाभ मिला है। रास्ते खुलने से किसानों को खेतों तक मशीनरी और उपज पहुंचाने में सुविधा मिली है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है। विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज जाने में अब लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से जयपुर जिला प्रशासन के इस विनम्र प्रयास ने संवेदनशील और समाधान-आधारित दृष्टिकोण ने कई वर्षों पुराने विवादों को समाप्त कर सामाजिक सौहार्द को भी सुदृढ़ किया है, यही कारण है कि रास्ता खोलो अभियान आज जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में राहत, विश्वास और सुशासन का पर्याय बन चुका है। यह पहल न केवल अवरुद्ध मार्गों को खोल रही है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

## दिल्ली में 28 फरवरी को विनोद जाखड़ एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगे



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़आगामी 28 फरवरी को दिल्ली में कार्यभार संभालेंगे इस मौके पर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकअर्जुन खड़के को भी आमंत्रित किया जा रहा है इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के राजस्थान से जुड़े कई नेता और दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के इस समारोह में शामिल होने की बात कही जा रही है विनोद जाखड़ के पद ग्रहण समारोह को यादगार बनाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के यहां शामिल होने की संभावना है राजस्थान से बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता इस समारोह में शामिल होंगे विनोद जाखड़ पूर्व में राजस्थान विश्वविद्यालय एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं इसके अलावा विनोद जाखड़ राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं इसलिए राजस्थान के एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में विनोद जाखड़ की नियुक्तियों को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है और यह उत्साह और जोश वे दिल्ली में उनके पद ग्रहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दिखने वाले हैं गौरतलब है कि विनोद जाखड़ सचिन पायलट के काफी नजदीकी बताए जाते हैं हालांकि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद विनोद जाखड़ ने कांग्रेस पार्टी के राजस्थान के सभी बड़े नेताओं के घर जाकर उनसे आशीर्वाद भी लिया है और पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए बधाई भी दी है विनोद जाखड़ राजस्थान के इतिहास में ऐसे पहले नौजवान छात्र नेता हैं जो एनएसवी के राष्ट्रीय अध्यक्षपद छात्र नेता हैं जो एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक पहुंचे हैं इसलिए विनोद जाखड़ का इस सर्वोच्च पद पर पहुंचना निश्चित रूप से यह बता रहा है कि आने वाले दिनों में उनका कांग्रेस पार्टी में काफी अच्छा करियर बनने जा रहा है लेकिन इससे पहले उन्हें अपनी इस नई जिम्मेदारी को बहुत ही गंभीरता और निष्ठा के साथ निभाना भी पड़ेगा राहुल गांधी ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए देशभर से एनएसयूआई के करीब डेढ़ दर्जन छात्र नेताओं के इंटरव्यू लिए थे जिसमें राजस्थान के निर्मल चौधरी भी इंटरव्यू देकर आए थे लेकिन राहुल गांधी ने विनोद जाखड़ को इस पद के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त समझा अब देखने वाली बात यह है कि विनोद जाखड़ राहुल गांधी के भरोसे और विश्वास पर कितना खरा उतरेंगे विनोद जाखड़ काफी सभ्य सरल सहज और सौम्या छात्र नेता होने के अलावा काफी आक्रामक नेता भी हैं जरूरत पड़ने पर बड़े-बड़े आंदोलन के अगुवाई बहुत ही शानदार तरीके से करते हैं कुछ महीने पहले राजस्थान विश्वविद्यालय में संघ के कार्यक्रम के विरोध को लेकर विनोद जाखड़की ओर से किया गया प्रदर्शन पूरे देश में चर्चा का विषय बना था इस प्रदर्शन में विनोद जाखड़ जेल भी गए थे काफी दिनों तक जेल में रहने के बाद वे वापस जेल से बाहर आए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि एनएसयूआई की ओर से बहुत जल्दी ही राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी जिसमें छात्र और युवाओं के हितों की रक्षा के अलावा लोकतंत्र संविधान की रक्षा करने जैसे मुद्दे भी उनके आंदोलन का हिस्सा रहेंगे और एनएसयूआई बहुत ही शानदार तरीके से अपने विषय को लेकर सड़कों पर उतरेगी

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज, सदन में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति पर होगी चर्चा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार करने के लिए आज सुबह विधानसभा की कार्रवाई शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन किया जाएगा इस बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस पार्टी के सचेतक रफी खान और कांग्रेस पार्टी के सचेतक रामकेश मीणा सहित कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक मौजूद रहेंगे बैठक में बजट सत्र में आने वाले दिनों में सरकार को कैसे और किन मुद्दों को लेकर कठघरे में खड़ा करना है इसकी रणनीति तैयार की जाएगी इसके लिए विभिन्न विभागों से जुड़े विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा होने की बात कही जा रही है कौन सा विधायक किस विभाग का कौन सा सवाल मंत्री से पूछेंगे सवाल का मंत्री से जवाब मिलने पर मंत्री को कैसे और किस तरह से सवाल के माया जाल में फंसा कर सदन में उसे बैक फुट पर करना है इन सब के बारे में आज की बैठक में विस्तार से चर्चा होगी गौर तलब है कि शनिवार को कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण का वॉकआउट यह कहकर किया था कि मुख्यमंत्री विधानसभा की कार्यशालाकर समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर बहस नहीं कर रहे हैं इसलिए सदन से विपक्ष के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के भाषण का बहिष्कार किया था लेकिन बाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने साफ कहा था कि इस मामले में विपक्ष अब शांत नहीं बैठेगा इस मुद्दे को वह आगे भी उठाएंगे इसलिए विधायक दल की बैठक का आयोजन करके आगे की रणनीति तैयार करेंगे इसलिए आज आयोजित होने वाली यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि राहुल गांधी दिल्ली में केंद्र कि मोदी सरकार पर जोरदार तरीके से हमला बोल रहे हैं हाल ही में दिल्ली में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में कांग्रेस पार्टी की ओर से किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से राजस्थान सहित पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के इस अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है तो कांग्रेस पार्टी अपने इस प्रदर्शन को बिल्कुल उचित बता रही है कुल मिलाकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दल एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे इसलिए राजस्थान विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश की भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने के लिए नए-नए तरीके और नए-नए प्रयोग कर रही है राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में विधानसभा में विपक्ष ने कई बार शोर शराबा और हंगामा के हालात पैदा किया जिसकी वजह से कई बार विधानसभा की कार्रवाई स्थगित भी हुई है कई बार कई मुद्दों को लेकर विपक्ष और मंत्रियों के बीच आपस में काफी बहस भी हुई है सदन में विपक्ष एक तरफ जहां सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने के प्रयास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा तो दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के सदस्य और मंत्री भी विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब दे रहे हैं इसलिए राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में काफी घमासान की स्थिति बनी हुई है अब देखने वाली बात यह है कि आज विधायक दल की जो बैठक हो रही है इस बैठक के बाद सदन में विपक्ष के सदस्यों की भूमिका कैसी रहने वाली है

## कॉलेजों के निर्माण पर भजनलाल सरकार के 'सफेद झूठ' का पर्दाफाशः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा सरकार 185 कॉलेजों के भवन निर्माण का जो श्रेय ले रही है, उससे बड़ा झूठ कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इन भवनों की 'कार्य प्रारंभ तिथि' और 'कार्य पूर्ण तिथि' पर एक श्वेत पत्र जारी कर दें, सारा सच सामने आ जाएगा। जूली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में 310 नए कॉलेज खोले थे, जिनमें से 57 का काम हमारे समय ही पूरा हो गया था और 185 कॉलेजों का काम दिसंबर 2023 के बाद पूरा हुआ है। जूली ने कहा कि ऐसे ही 7 मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का दावा भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे अपने कार्यकाल में एक मेडिकल कॉलेज ऐसी बता दे जिसका उन्होंने कार्य आरंभ किया । 15 मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार ने स्थापित किए। कांग्रेस सरकार ने 3 मेडिकल कॉलेज स्टेट फंड से बनाने की घोषणा कर जमीन आप की जिसे रद्द करने का पाप भाजपा ने किया है जूली ने कहा कि भाजपा सरकार चर्चा से इसलिए भागी क्योंकि वह जानती है कि 5 साल के कांग्रेस के विकास मॉडल के सामने उनके 2 साल का 'प्रोपेगेंडा' टिक नहीं पाएगा। उन्होंने साफ- साफ़ लहजे में कहा कि यह पवित्र सदन चर्चा के लिए है, भाजपा के प्रचार तंत्र के लिए नहीं। अगर सरकार में हिम्मत है तो वह '2 साल बनाम 5 साल' के मूल प्रस्ताव पर बहस कराती, कांग्रेस प्रदेश की जनता की तरफ से जवाब मांगने के लिए पूरी तरह तैयार है। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष और प्रदेश की जनता से जो वादा किया था उसे वादे पर अमल नहीं रहे और अपनी ही पुस्तक के आधार पर बहस करके खुद की पीठ थपथपाने का प्रयास किया जो प्रदेश की जनता के साथ भी अन्य है और विपक्ष के साथ भी उन्होंने धोखा किया है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद 2 साल बनाम 5 साल के विकास कार्यों पर बहस करने की बात कही थी और खुद ही बहस करने से पीछे हट गए और अधिकारियों की ओर से लिखे गए प्रतिवेदन को पढ़कर प्रदेश की जनता को और विपक्ष को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठेगा आगे की रणनीति तैयार करेगा क्योंकि झूठ के प्रतिवेदन पर खुद को शाबाशी देना कहां का इंसाफ है मुख्यमंत्री को सच उजागर करना चाहिए अपनी विफलताओं को भी स्वीकार करना चाहिए लेकिन उन्होंने अपनी नाकामीऔर गलतियां पर पर्दा डालने का प्रयास किया और चर्चा से भाग गए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश की जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठने की बड़ी जिम्मेदारी दी है और सदन में प्रदेश के लोगों की भावना और प्रदेश की जनता के दिलों में जो सवाल पैदा हो रहे हैं उन्हीं सवालों को विपक्ष सदन में सरकार से पूछना चाहता है लेकिन सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब देने की स्थिति में नहीं है और विपक्ष से बहस करने से बचने के तरीके ढूंढती रहती है जो सरकार की नाकामी को उजागर करने के लिए काफी है ।

## ट्रक में घुसी कार, चार श्रद्धालुओं की मौत, नहर में बोलेरो की गिरने से चार जनों की मौत

### हनुमानगढ़ के विरानी इलाके में नहर में गिरी गाड़ी से डूब कर मरने वालों की संख्या 6 हुई, दो मृतकों की बॉडी और जप्त की गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में कोटा जिले में कोटा मुंबई राजमार्ग पर चेचक टोल नाके के नजदीक बेकाबू कार सड़क पर अपने आगे चल रहे ट्रक में घुस गई जिसकी वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई, कार में सवार सभी मृतक उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले थे जो उज्जैन में महाकाल के दर्शन करके वापस अपने घर लौट रहे थे लेकिन चेचक टोल नाके के पास उनकी गाड़ी ट्रक में घुस गई जिससे वह अपने घर नहीं पहुंच सके सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त गाड़ी को कब्जे में कर लिया है घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू कर दी है ट्रक के चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार में मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है इस बाबत मृतक लोगों के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है पुलिस का कहना है कि जब तक परिजन जाकर डेड बॉडी की परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है पुलिस का कहना है कि जब तक परिजन यहां आकर डेथ बॉडी की पहचान नहीं कर लेंगे तब तक मृतक लोगों के नाम बताना अच्छा नहीं रहेगा लेकिन पुलिस का कहना है कि क्षतिग्रस्त गाड़ी में मिले दस्तावेजों के आधार पर करीब करीब मृतक लोगों की पहचान हो गई है पुलिस का कहना है कि शायद कार के चालक को नींद की झपकी आ गई लंबा सफर था इसलिए नींद की झपकी आने की वजह से कार ट्रक में घुस गई लेकिन ट्रक के चालक से भी पूछताछ की जा रही है इसी तरह से एक अन्य सड़क हादसे में प्रदेश के चुरू जिले के सादुलपुर में अजीतपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर बोलोरो नहर में गिर गई जिसकी वजह से बोलेरो में सवार चार लोगों की मौत हो गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नहर में डूबी बोलेरो और लोगों को नहर से बाहर निकलने का प्रयास किया गया काफी मशक्कत के बाद नहर में डूबे सभी चार लोगों की बॉडी को बाहर निकाल लिया गया बताया जा रहा है की बोलेरो में सवार लोग किसी बारात में शामिल होकर लौट रहे थे पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है द्य पुलिस का कहना है कि कहीं ना कहीं बोलेरो का चालक बोलेरो को नियंत्रित नहीं रख सका अनियंत्रित होने की वजह से बोलेरो सड़क से नीचे उतरकर नहर में गिर गई फिर भी पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है एक अन्य हादसे में गत 20 फरवरी को प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले के भिरानी थाना इलाके में बेकाबू गाड़ी गहरी नहर में गिर गई थी जिसकी वजह से अमित नाम के युवक की बॉडी पुलिस ने पहले ही नहर से बरामद कर ली थी अब मुकेश और आशीष नाम के युवक की बॉडी भी नहर से बरामद कर ली गई है इस हादसे में अब तक छह लोगों की मौत होने की पुष्टि हो गई है नहर में बोलेरो गिरने के बाद गोताखोरों की ओर से गत शनिवार से ही रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया गोताखोर लगातार रेस्क्यू अभियान को गति दिए हुए थे जिसमें उन्होंने दो मृतकों की बॉडी को और ढूंढ लिया ।



## कहानी

### बालकृष्णद्वारा असुरों का निर्दालन !

जब कंस को पता चला कि पूतना का वध हो गया है, तो उसने श्रीकृष्ण को मारने के लिए तृणावर्त नामक राक्षस को भेजा । तृणावर्त बवंडर का रूप धारण करके बड़े-बड़े पेड़ों को भी उखाड़ सकता था । तृणावर्त बवंडर बनकर गोकुल पहुंचा । बवंडर आते देख सभी गोकुलवासी अपने अपने घरों में चले गए । बालकृष्ण आंगन मे खेल रहे थे । बवंडर देखकर यशोदा माता कान्हा को भवन के अंदर ले जाने के लिए बाहर आ गई; परंतु यशोदा माता ने बालकृष्ण को उठाने से पहले ही बवंडर ने बालकृष्ण को अपने साथ उड़ा लिया । कृष्ण तो भगवान थे । उन्होंने तृणावर्त राक्षस को पहचान लिया । बालकृष्ण ने अपना भार बहुत बढा लिया, जिसे तृणावर्त संभाल ही नहीं पाया और उसकी गती कम होने लगी । जब बवंडर शांत हुआ, तो बालकृष्ण ने राक्षस का गला पकड़कर उसका वध कर दिया । तृणावर्त का भी वध हो गया है, यह सुनकर कंस ने उसने वत्सासुर नामक एक और असुर को बालकृष्ण को मारने भेजा । वत्सासुर ने गाय के एक बछड़े का रूप धारण कर लिया । बच्चों, आपको ध्यान मे आया न असुर कोई भी रूप धारण कर सकते थे । वत्सासुर श्रीकृष्ण की गायों के साथ मिल गया । कान्हा उस समय गायों को चराने के लिए वन मे आए थे । बालकृष्ण ने उस बछड़े के रूप में आए हुए दैत्य को पहचान लिया । वत्सासुर कृष्ण पर झपटनेवाला ही था की कृष्ण ने उसकी पूंछ पकड़कर उसे घुमाया और एक वृक्ष पर पटक दिया । वही पर उस दैत्य का वध हो गया । श्रीकृष्ण को मारने के लिए कंस हर प्रयास कर रहा था । वत्सासुर के बाद कंस ने बकासुर को भेजा । बकासुर एक बगुले का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को मारने के लिए आ पहुंचा । उस समय कान्हा और उनके साथी खेल रहे थे । तब बगुले ने कृष्ण को निगल लिया और कुछ ही देर बाद कान्हा ने उस बगुले को चीरकर उसका वध कर दिया । श्रीकृष्ण को मारने के लिए अब कंस ने अघासुर को भेजा । अघासुर पूतना और बकासुर का छोटा भाई था । अघासुर बहुत ही भयंकर राक्षस था । सभी देवता भी उससे भयभीत होते थे । अघासुर ने कृष्ण को मारने के लिए विशाल अजगर का रूप धारण किया । इसी रूप में अघासुर अपना मुंह खोलकर रास्ते पर बैठ गया उसका मुख गुफा के समान दिखाई दे रहा था । श्रीकृष्ण और उनके मित्र खेल रहे थे । एक बड़ी गुफा देखकर सभी बालकों ने उसमें प्रवेश करने का मन बनाया । सभी ग्वाले और कृष्ण उस गुफा के अंदर चले गए । उसी समय अघासुर ने अपना मुंह बंद कर लिया । सभी ग्वालों को अपने प्राणों पर आया संकट ध्यान में आया, तब वे श्रीकृष्ण से सबको बचाने की प्रार्थना करने लगे । तभी कृष्ण ने अपना शरीर तेजी से बढाना शुरू कर दिया । अब कान्हा ने भी विशाल शरीर बना लिया था । इसके कारण अघासुर सांस भी नहीं ले पा रहा था । इसी प्रकार अघासुर का भी वध हो गया ।

# अवसर के साथ चुनौती भी है एआई

*चूंकि भारत एआई में भविष्य देख रहा है, इसलिए भारत सरकार एआई पर निवेश को प्रोत्साहित कर रही है और इस कोशिश में है कि दुनिया भर की एआई कंपनियां भारत के साथ मिलकर काम करें। इस एआई सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि भारत की तकनीकी क्षमता से दिग्गज एआई कंपनियां प्रभावित हैं। उन्हें भारत अपने लिए एक बड़ा बाजार भी दिख रहा है और मानव संसाधनों का स्रोत भी। अमेरिका के बाद चैटजीपीटी के सबसे अधिक उपभोक्ता भारत में हैं। इसे छात्रों से लेकर उद्योग जगत के लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत में चैटजीपीटी के साथ अन्य एआई टूल के उपयोगकर्ता तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि सरकार भी एआई टूल्स के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। उसकी कोशिश है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग जगत के साथ शासन-प्रशासन और अन्य अनेक क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल हो। यह अच्छा है कि भारत एआई की महत्ता को समझ रहा है। इस बजट में घोषणा की गई है कि सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सेवा क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिए एक समिति गठन करेगी। इसके अलावा बजट में वित्त मंत्री ने 'भारत विस्तार' नाम से एक नई पहल का एलान किया, जो किसानों के लिए एआई आधारित बहुभाषी सिस्टम होगा। बजट से पहले पेश आर्थिक समीक्षा में भी एआई को एक आर्थिक रणनीति के रूप में देखा गया। यह स्पष्ट है कि जैसे*



दिल्ली में संपन्न एआई इंपैक्ट समिट ने जिस तरह दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया, उससे इस सम्मेलन की महत्ता रेखांकित होती है। एआई पर अब तक हुए तीन वैश्विक सम्मेलनों की तुलना में इस सम्मेलन में जिस तरह एआई कंपनियों के दिग्गजों, शासनाध्यक्षों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ अन्य लोगों की कहीं अधिक भागीदारी रही, उससे भी यह सम्मेलन उपयोगी सिद्ध हुआ। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन से एआई तकनीक के उपयोग को लेकर एक नई दिशा देने की कोशिश की कि एआई को मशीन से मानव केंद्रित बनाने के साथ उसे जवाबदेह, सुरक्षित, लोकतांत्रिक और समावेशी रूप देना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई को लेकर भारत की प्राथमिकता रेखांकित करने के साथ ही विश्व समुदाय को एक विजन भी दिया, जिसे उन्होंने एमएएनएवी यानी 'मानव' की संज्ञा दी। उन्होंने इसे परिभाषित करते हुए बताया कि एम यानी मारल एंड एथिकल, ए यानी एकाउंटेबल, एन यानी नेशनल सावरनिटी, ए अर्थात एक्सेसिबल एंड इंक्लूसिव और वी यानी वैलिड एंड लेजिटिमेट। इसका आशय है कि एआई नैतिक, जवाबदेह होने के साथ, जिसका डाटा उसके अधिकार को सुनिश्चित करने के साथ ही सबकी पहुंच में हो और वैध एवं प्रामाणिक भी हो।

चूंकि भारत एआई में भविष्य देख रहा है, इसलिए भारत सरकार एआई पर निवेश को प्रोत्साहित कर रही है और इस कोशिश में है कि दुनिया भर की एआई कंपनियां भारत के साथ मिलकर काम करें। इस एआई सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि भारत की तकनीकी क्षमता से दिग्गज एआई कंपनियां प्रभावित हैं। उन्हें भारत अपने लिए एक बड़ा बाजार भी दिख रहा है और मानव संसाधनों का स्रोत भी। अमेरिका के बाद चैटजीपीटी के सबसे अधिक उपभोक्ता भारत में हैं। इसे छात्रों से लेकर उद्योग जगत के लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत में चैटजीपीटी के साथ अन्य एआई टूल के उपयोगकर्ता तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि सरकार भी एआई टूल्स के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। उसकी कोशिश है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग जगत के साथ शासन-प्रशासन और अन्य अनेक क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल हो।

यह अच्छा है कि भारत एआई की महत्ता को समझ रहा है। इस बजट में घोषणा की गई है कि सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सेवा क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिए एक समिति गठन करेगी। इसके अलावा बजट में वित्त मंत्री ने 'भारत विस्तार' नाम से एक नई पहल का एलान किया, जो किसानों के लिए एआई आधारित बहुभाषी सिस्टम होगा। बजट से पहले पेश आर्थिक समीक्षा में भी एआई को एक आर्थिक रणनीति के रूप में देखा गया। यह स्पष्ट है कि जैसे इंटरनेट के उपयोग में भारत अग्रणी देशों में है, वैसे ही शीघ्र ही एआई के इस्तेमाल में भी आगे होगा, लेकिन यह ध्यान रहे कि अधिकांश एआई कंपनियां अमेरिकी हैं और वे भारत में वर्चस्व बढ़ा रही हैं। इस कारण यह सवाल उभर रहा है कि ये अमेरिकी कंपनियां भारतीय डाटा का उपयोग करके अपने एआई माड्यूल को सुदृढ़ करने के क्रम में अपने आर्थिक लाभ में भारत को हिस्सेदार बनाएंगी या नहीं और यदि बनाएंगी तो किस तरह? क्या भारतीयों का डाटा भारत में रहेगा और वह उसके अधिकार क्षेत्र में होगा? इस समय विश्व भर में जैसी तेजी के साथ एआई कंपनियों में निवेश हो रहा है, वैसी तेजी किसी अन्य सेक्टर में नहीं दिख रही। कुछ विशेषज्ञों की मानें तो एआई कंपनियां अपने एकाधिकार को बढ़ा रही हैं। इसी एकाधिकार के कारण उनके स्टाक बढ़ते जा रहे हैं और उनमें निवेश भी बढ़ रहा है। अमेरिकी कंपनियों की कुछ हद तक काट चीन की एआई कंपनियां कर रही हैं, पर अभी उनका वैसा दबदबा नहीं, जैसा गूगल, ओपनएआई, मेटा आदि का है। फिलहाल एआई तकनीक के विकास में यूरोप के साथ विश्व के अन्य देश पीछे नजर आ रहे हैं। भारत एआई क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनने की तैयारी कर रहा है, लेकिन बात तब बनेगी, जब भारतीय एआई कंपनियां अमेरिकी कंपनियों के समकक्ष खड़ी हो सकें। उन्हें अमेरिकी कंपनियों पर निर्भरता से बचना होगा और अपनी अलग पहचान बनानी होगी।

एआई सम्मेलन के दौरान जिस तरह एक निजी यूनिवर्सिटी ने चीनी एआई उपकरण को अपनी खोज बताकर पेश किया, उससे भारत असहज हुआ। भारत सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि एआई तकनीक के विकास के नाम पर विदेशी एआई टूल की नकल न होने पाए। हम विदेशी तकनीक और उपकरणों की नकल करके आगे नहीं बढ़ सकते। इसे उद्योग जगत को भी समझना होगा और शिक्षा संस्थानों को भी। भारत में युवा एआई का उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन वे इससे अनजान से हैं कि यह तकनीक कैसे काम करती है? इसी तरह बहुत से लोग नहीं जानते कि इसके दुरुपयोग से कैसे बचा जा सकता है? अभी छात्रों को एआई के बारे में सही ज्ञान देने की भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है। साफ है कि एआई के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सरकार के साथ उद्योग जगत को इसके प्रति भी सावधान रहना होगा

## सम्पादकीय

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'चाइनीज रोबोटिक डॉग' ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कराई फजीहत




आमतौर पर झूठे दावों की हकीकत किसी न किसी रूप में सामने आ जाती है, लेकिन कई बार उसके नतीजे गंभीर होते हैं। दिल्ली में आयोजित 'एआइ इम्पैक्ट सम्मेलन' में हिस्सा लेने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक झूठ से न केवल उसकी फजीहत हुई, बल्कि इस आयोजन में बरती जाने वाली कोताही पर भी सवाल उठे। यह बात समझ से बाहर है कि इस संस्थान को चीन के बनाए 'रोबोटिक डाग' को अपना नवाचारी उत्पाद बता कर पेश करने की क्या जरूरत थी?द्ध सम्मेलन में उपस्थित उसके प्रतिनिधि ने क्या सोच कर इस संबंध में अतिरेक से भरे और झूठे दावे किए? अव्वल तो भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के फर्जी और अनैतिक दावे करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए था। दूसरे, ऐसा करते हुए एक बार भी इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि जिस तरह की तकनीक के बारे में झूठा दावा किया गया, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उस झूठ को सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आखिर विवाद बढ़ने के बाद संस्थान को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन इससे उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ा है। इस विवाद को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने उचित ही सम्मेलन से वह स्थल खाली करने को कहा गया, जहां इस निजी विश्वविद्यालय ने अपनी प्रदर्शनी लगाई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एआइ सम्मेलन में प्रदर्शित करने के लिए आए तमाम उत्पादों को मंजूरी पहले ही दी गई होगी। सवाल उठता है कि इस सम्मेलन में संस्थानों को जब अपने मौलिक एआइ उपकरणों को प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया होगा, तब गलगोटिया की ओर से लाए गए 'रोबोटिक डाग' और उसके बारे में बढ़-चढ़ किए गए दावों को लेकर आयोजकों की ओर से शुरू में ही जरूरी सवाल क्यों नहीं किए गए? आज जब देश कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की जमीन तैयार करने में लगा है, तो ऐसे में इस विवाद ने सम्मेलन में एक असहज स्थिति पैदा की। सवाल केवल किसी संस्थान की साख का नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा का है। बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।

# विज्ञान पर अटल, भारत में पनप रही नई वैज्ञानिक चेतना

*मगर प्रैक्टिकल के पीरियड्स को छोड़कर प्रयोगशाला में प्रवेश लगभग वर्जित था। हाईस्कूल में पहली बार नसीब होने वाली प्रयोगशालाएं भी ऐसी, जहां उपकरणों की उपलब्धता पाठ्यक्रम से एक इंच टस से मस होने को तैयार नहीं; नतीजतन अरुचि से भरे कई विद्यार्थियों का जोर सीखने पर नहीं, किसी सहृदय प्रयोगशाला सहायक की कृपा से प्रैक्टिकल में नंबर जुगाड़ने पर होता था। ऐसे में कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के बाद कई विद्यार्थी वाणिज्य अथवा कला संकाय में प्रवेश ले लेते थे, इनमें भी लड़कियों की संख्या बहुत होती थी। मगर अटल टिंकरिंग लैब ने इस पूरी व्यवस्था में दिलचस्प परिवर्तन किए है। अब कक्षा छह से ही यहां 'खुद करके देखो' की संस्कृति है। संप्रति भारत भर के स्कूलों में फैली इन 10 हजार से अधिक लैब्स में जब कोई बच्चा खुद थ्री-डी प्रिंटर को कमांड देता है या रोबोटिक्स किट को*



भारत के किसी बड़े शहर की चकाचौंध से दूर, ओड़िशा या छत्तीसगढ़ के किसी ऐसे जिले में जहां मोबाइल के सिग्नल भी मुश्किल से पहुंचते हैं, वहां एक 14 साल का बच्चा एक पुराने कार्डबोर्ड, कुछ तारों और एक सस्ते सेंसर के साथ बैठा है। वह कोई खिलौना नहीं बना रहा। वह एक ऐसी मशीन तैयार कर रहा है जो मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी होने पर उसके पिता के मोबाइल पर मैसेज भेज सके। जेन जी के शोर और जेनरेटिव एआई की चकाचौंध के बीच यह आज के भारत की वह तस्वीर है जिसे मुख्यधारा का मीडिया अक्सर कुछ कम तवज्जो देता है। यह तस्वीर है बच्चों में विज्ञान चेतना को समर्पित अटल इनोवेशन मिशन की, जो देश के कोने-कोने में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब्स के जरिये एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहा है, जो विज्ञान को रटती नहीं, उसे जीती है। 10 सालों की यह कहानी केवल मशीनों की नहीं है; यह कहानी है उस आत्मविश्वास की, जिसने भारत को 'जुगाड़' के देश से 'इनोवेशन' के ग्लोबल हब की ओर मोड़ दिया है। औसत विद्यार्थियों के लिए भारत में विज्ञान शिक्षण एक बोरियत भरा बोझ रहा है। कक्षाओं में ब्लैकबोर्ड पर 'प्रकाश के परावर्तन' या 'ओम के नियम' के चित्र तो बनते थे, लेकिन साधारण मेधा वाले छात्रों को यह समझ नहीं आता था कि ये उनकी निजी जिंदगी में क्या बदलाव लाएंगे। 'विज्ञान आओ करके सीखें' जैसी पाठ्यक्रम पुस्तकें और 'आविष्कार' जैसी पत्रिकाएं कुछ रुचि जगाती भी थीं, मगर प्रैक्टिकल के पीरियड्स को छोड़कर प्रयोगशाला में प्रवेश लगभग वर्जित था। हाईस्कूल में पहली बार नसीब होने वाली प्रयोगशालाएं भी ऐसी, जहां उपकरणों की उपलब्धता पाठ्यक्रम से एक इंच टस से मस होने को तैयार नहीं; नतीजतन अरुचि से भरे कई विद्यार्थियों का जोर सीखने पर नहीं, किसी सहृदय प्रयोगशाला सहायक की कृपा से प्रैक्टिकल में नंबर जुगाड़ने पर होता था। ऐसे में कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के बाद कई विद्यार्थी वाणिज्य अथवा कला संकाय में प्रवेश ले लेते थे, इनमें भी लड़कियों की संख्या बहुत होती थी। मगर अटल टिंकरिंग लैब ने इस पूरी व्यवस्था में दिलचस्प परिवर्तन किए है। अब कक्षा छह से ही यहां 'खुद करके देखो' की संस्कृति है। संप्रति भारत भर के स्कूलों में फैली इन 10 हजार से अधिक लैब्स में जब कोई बच्चा खुद थ्री-डी प्रिंटर को कमांड देता है या रोबोटिक्स किट को असेंबल करता है, तो उसके भीतर विज्ञान को लेकर झिझक दीवानगी भरी दिलचस्पी में बदलने लगती है। विज्ञान किताबों के पन्नों से निकलकर उसके हाथों की हथेलियों पर नाचने लगता है। यहां बच्चे विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के सिद्धांतों को किताबों से नहीं, बल्कि प्रयोग करके सीखते हैं। उपकरणों से काम करते हुए वे जिज्ञासा, समस्या-समाधान और रचनात्मकता को विकसित करते हैं। प्रोजेक्ट बनाते हुए टीमवर्क और उद्यमिता की भावना भी विकसित होती है। यही बदलाव छात्रों को रटने से खोज की ओर लेकर जाता है और यही विज्ञान की असली ताकत है! डीप टेक का बढ़ता दायरा जिन पाठकों ने इस सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट पर नजर रखी होगी, वे समझ रहे होंगे कि भारत की स्थिति आज डीप टेक में वैसी ही है जैसी बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में साफ्टवेयर के क्षेत्र में थी– हम एक बड़े धमाके के मुहाने पर खड़े हैं। आज हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ब्लॉकचेन की बात करते हैं। आम आदमी के लिए ये शब्द अजनबी हो सकते हैं, लेकिन भारत की नवांकुर विज्ञानी मेधा के लिए ये रोजमर्रा के औजार हैं। डीप टेक का सरल अर्थ है ऐसी तकनीक जो गहन वैज्ञानिक शोध पर आधारित हो।

# ट्रंप की मनमानी पर रोक

मुझे टैरिफ से प्यार है और यह मेरा पसंदीदा शब्द है, ऐसा कहकर इतराने वाले राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हेकड़ी निकाल दी। उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से भारत समेत तमाम देशों पर थोपे गए टैरिफ को अवैध करार दिया। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के उन दो न्यायाधीशों ने भी ट्रंप की टैरिफ नीति को उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर माना, जिनकी नियुक्ति स्वयं उन्होंने की थी। इससे पता चलता है कि ट्रंप टैरिफ के मामले में किस तरह नियम-कानूनों की घोर अनदेखी करने में लगे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न केवल ट्रंप की टैरिफ नीति की हवा निकालने वाला, बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने वाला भी है, क्योंकि वे एक तरह से अवैधानिक काम करते पकड़े गए। ट्रंप अपनी टैरिफ नीति के जरिये




अपने समर्थकों के बीच यह माहौल बनाने में जुटे थे कि वे अमेरिका को मालामाल कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें भी ठगे जाने का अहसास होगा और वह भी ऐसे समय, जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ट्रंप की कम होती लोकप्रियता को और कम करने वाला है और इसका उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, लेकिन यह भी तय है कि वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं। इसका एक प्रमाण यह है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ ही घंटों बाद एक कार्यकारी आदेश जारी कर सभी देशों पर दस प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। हालांकि इसकी अवधि पांच महीने ही रहेगी, लेकिन इस बीच ट्रंप अन्य उपायों का सहारा लेने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप अमेरिका के साथ अनुचित एवं भेदभावपूर्ण व्यापार का आरोप लगाकर कुछ देशों पर अतिरिक्त टैरिफ थोप सकते हैं। इसी तरह वैसे आयात पर भी टैरिफ बढ़ा सकते हैं, जिनसे अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा हो, लेकिन इन उपायों को अमल में लाने के लिए उन्हें जांच के जरिये यह सिद्ध करना होगा कि वास्तव में अमुक-अमुक देश अनुचित व्यापार नीति पर चल रहे हैं या फिर अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बने उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। चूंकि ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नारे के बहाने अपने स्वार्थों को पूरा करने और अपनी छवि चमकाने के फेर में रहते हैं, इसलिए टैरिफ से इतर मामलों में मनमाने, अप्रत्याशित और विश्व को मुश्किल में डालने वाले फैसले ले सकते हैं। अपने लोगों का ध्यान बंटाने के लिए वे ईरान पर हमला कर सकते हैं। वे उसकी घेराबंदी करने में जुटे ही हैं। वे क्यूबा और कुछ अन्य देशों पर भी अपनी निगाह टेढ़ी कर सकते हैं। जो भी हो, भारत को उनसे तब भी सावधान रहना होगा, जब अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौता हो जाए, क्योंकि वे भरोसे के काबिल नहीं रह गए हैं।

प्रादेशिक जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
23 फरवरी, 2026

# मकराना मार्बल मूर्तिकला को वैश्विक सम्मान: भूणी के श्री राम स्वामी को मिला सम्मान

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** भूणी ग्राम निवासी श्रीराम स्वामी को मकराना मार्बल मूर्तिकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अमेरिका की कैररब्रुक यूनिवर्सिटी की ओर से 'Honorary Doctorate (Hon. Dr.)' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान 22 फरवरी 2026 को आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

## मकराना मार्बल की वैश्विक पहचान में अहम भूमिका:

राजस्थान का मकराना विश्वभर में अपने उच्च गुणवत्ता वाले संगमरमर के लिए प्रसिद्ध है। इसी संगमरमर से विश्व धरोहर ताजमहल का निर्माण हुआ था। मकराना मार्बल की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को मूर्तिकला



के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने में श्री राम स्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूत्रों के अनुसार उन्हें पारंपरिक शिल्प संरक्षण, नवाचार, तीव्र निर्माण क्षमता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कला के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि राजस्थान और भारतीय शिल्प परंपरा के लिए भी गर्व का विषय मानी जा रही है।

## शिक्षा और कारीगरी का संतुलित संगम:

राम स्वामी की शैक्षणिक योग्यता एलएसए (वेटरनरी), बी.एससी. (एग्रीकल्चर) एवं एम.एससी. (एग्रोनॉमी) है। उन्होंने शिक्षा और पारंपरिक शिल्प–दोनों क्षेत्रों में संतुलन स्थापित करते हुए नई मिसाल कायम की है। लगभग 12 वर्षों तक उन्होंने किसान परिवारों के बच्चों को कृषि शिक्षा प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक दिलाने में मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में 'एटम संस्थान' द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है।

## 400 वर्षों की पारंपरिक विरासत:

श्री राम स्वामी का परिवार लगभग 400 वर्षों से पारंपरिक पत्थर कला से जुड़ा हुआ है। उनके पूर्वज प्रेम दास जी, गुलाब दास जी, मस्त दास जी, सीताराम दास जी, भूर दास जी तथा उनके पिता सोहन लाल स्वामी ने पीढ़ी दर पीढ़ी इस शिल्प परंपरा को आगे बढ़ाया। पूर्व में उनका परिवार स्थानीय पहाड़ियों से पत्थर निकालकर हाथ से चक्की और सिलबट्टे बनाता था, जिसके कारण गांव को 'चक्की वाले गांव' के नाम से भी जाना जाता था। स्थानीय पहाड़ियों से पत्थर खनन पर प्रतिबंध के बाद गांव की 15 खदानें बंद हो गईं और लगभग 150 लोग बेरोजगार हो गए। इसके बाद परिवार एवं ग्रामीणों ने मकराना मार्बल उद्योग की ओर रुख किया। पिछले 40 वर्षों से वे मूर्ति निर्माण कार्य में सक्रिय हैं। आज गांव में 30 से अधिक कारखाने संचालित हो रहे हैं, जहां 150 से अधिक कारीगर कार्यरत हैं। 'एटम मार्बल मूर्ति वर्ल्ड एंड हैंडीक्राफ्ट्स' द्वारा निर्मित मूर्तियां देश सहित विदेशों में स्थापित की जा चुकी हैं।

## भारतीय कला को अंतरराष्ट्रीय मंच:

इस अवसर पर श्री राम स्वामी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राजस्थान की धरती, भारतीय संस्कृति और उन सभी शिल्पकारों के परिश्रम का सम्मान है, जिन्होंने पीढ़ियों से इस कला को जीवित रखा है। कला जगत के विशेषज्ञों का मानना है कि इस उपलब्धि से मकराना मार्बल उद्योग को नई ऊर्जा मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग और बढ़ेगी। श्री राम स्वामी की सफलता शिक्षा, परंपरा और संघर्ष के समन्वय का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरी है।

# कुमावत समाज सुधार व सेवा समिति के 18वें सम्मेलन की तैयारियां तेज



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** कुमावत समाज सुधार व सेवा समिति, नावा के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले 18वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए रविवार को 12वें वैवाहिक जोड़े का पंजीयन किया गया। सम्मेलन की तिथि नजदीक आते ही समाजबंधुओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है। समिति के संगठन मंत्री शिवजीराम नोखवाल ने बताया कि समिति के निर्णय अनुसार सभी दूल्हों को विवाह समारोह में क्लीन शेव में आना अनिवार्य किया गया है। दाढ़ी बढ़ाकर आने वाले दूल्हों को फेरा मंडप में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह निर्णय सम्मेलन की एकरूपता व पारंपरिक मर्यादा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। श्री राधाकृष्ण भगवान मंदिर परिसर में आयोजित पंजीयन कार्यक्रम के दौरान समाज अध्यक्ष सीताराम नागा, समिति अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिहोटा, कोषाध्यक्ष कानाराम जलांधरा, सीताराम तुनगरिया, तुलसीराम राजस्थानी, गोपाललाल सिहोटा, मुकेश राजौरा सहित वर-वधु के परिजन उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता: वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम मलिकपुर तोरण में युवा जनसेवक सायर मल जड़वाल की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 350 निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। कार्यक्रम में गोविंदगढ़ पुलिस उप अधीक्षक राजेश जांगिड व गोविंदगढ़ थाना प्रभारी विनोद साखला ने अपने हाथों से हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निजी सचिव प्रभु दयाल यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिरदीचंद जड़वाल, रामावतार पारीक, राजेन्द्र जांगिड, सुरज यादव, भवानी कुमावत, मनोज यादव, दिनेश कुमावत, राहुल अग्रवाल, विनोद सेन व कौशल पारीक सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि हेलमेट जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है और प्रत्येक दोपहिया चालक को अपनी सुरक्षा के लिए इसका नियमित उपयोग करना चाहिए। इस जनसेवा कार्य के लिए लक्ष्मीनाथ सेवा समिति की ओर से सायर मल जड़वाल का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों व युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही तथा सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा व दर्द निवारक शिविर का शुभारम्भ




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** आर एन नोवाल फाउंडेशन की नवीन इकाई नोवाल नेचर केयर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की ओर से खाटू श्याम जी मेला पदयात्रियों के लिए पांच दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर व दर्द निवारक औषधि तेल वितरण शिविर का उदघाटन चौमूं पुलिस थाना इंचार्ज हरविंद्र सिंह ने पोस्टर का विमोचन करके किया। शिविर 22 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। आर एन नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि शिविर डॉ. राकेश कुमार शर्मा के सानिध्य में लगाया जाएगा। इसमें पद यात्रियों की गर्म पानी से पैरों का धोना, पैरों की मालिश एवं भाप लपेट से उपचार किया जाएगा। तेल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा, यात्रियों की अल्पाहार की व्यवस्था भी आर एन नोवाल फाउंडेशन की ओर से की जाएगी। शिविर चौमूं से खाटू श्याम जी के बीच विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा।

# जय नारायण व्यास कॉलोनी में धूमधाम से मनाया फागोत्सव

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय स्थित जय नारायण व्यास कॉलोनी के संकट हरण महादेव मंदिर में रविवार को महिला मित्र मंडल की ओर से फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिला मित्र मंडल की पूजा मंत्री राशि अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में विराजमान शंकर भगवान, गणेश जी एवं बालाजी महाराज की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे भक्तिमय वातावरण और भी प्रफुल्लित हो उठा। दोपहर बाद शुरू हुए फागोत्सव में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इत्र और फूलों की वर्षा के बीच होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और सुखद भविष्य की कामना की। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 23 जोडो का रजिस्ट्रेशन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर में माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में रविवार को समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी के नेतृत्व में चौथा परिचय सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने आकर अपना परिचय दिया। माली समाज विकास समिति की ओर से आगामी 26 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए अब तक 23 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, अभिभावक और युवा मौजूद रहे। समिति के महामंत्री मदनलाल मालेरिया ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों में सम्मेलन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है और लगातार नए जोड़े भी रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क कर रहे हैं। वहीं समिति के कोषाध्यक्ष एडवोकेट कुमार गौरव सैनी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सौंपी गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अगला परिचय सम्मेलन 1 मार्च 2026 को इसी स्थान पर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवक-युवतियों को इस सामूहिक विवाह सम्मेलन से जोड़ा जा सके। समाज के लोगों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को सामाजिक एकता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी, महामंत्री मदनलाल मालेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया सांखला, पूर्व अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, मदन जादम, प्रहलाद सहाय अधोपिया, दिनेश तिगरिया, सैनी कर्मचारी संस्थान ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, नंछुराम बिसनालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाती लाल ठेकेदार, सूरजमल करवा, पूरण मल करवा, हनुमान सहाय तंवर, अशोक रोलावन, महेंद्र जमालपुरिया, ओमप्रकाश भगत, मोहनलाल सिंगोदिया, हीरालाल जादम, कैलाश सिंगोदिया, सायर बागड़ी, बंसी मिस्त्री, गोपाल पापटवान, हीरालाल सैनी लैब टेक्नीशियन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, सहित सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# राज बिल्डर्स ने किया राजमिस्त्री कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** निर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता और नई तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय 'राज बिल्डर्स' की ओर से एक 'शिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के अनुभवी राजमिस्त्रियों और शिल्पकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तकनीकी बारीकियों पर चर्चा कार्यशाला के मुख्य वक्ता अल्ट्राटेक सीमेंट के तकनीकी अधिकारी इंजीनियर आकाश राठौड़ रहे। उन्होंने उपस्थित शिल्पकारों को आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, कंक्रीट की मजबूती और सीमेंट के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे नई तकनीकों को अपनाकर न केवल निर्माण की लागत कम की जा सकती है, बल्कि मकानों को अधिक टिकाऊ और भूकंपरोधी भी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरपीएस प्रदीप शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में शिल्पकारों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में हो रहे बेहतरीन निर्माण कार्यों का श्रेय इन्हीं कर्मठ शिल्पकार भाइयों को जाता है। ऐसी कार्यशालाएं उनके हुनर को निखारने का काम करती हैं। राज बिल्डर्स के निदेशक राज कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और शिल्पकारों का माला व साफा पहनाकर मान-सम्मान किया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक के तकनीकी कार्यकारी इंजीनियर कृपाशंकर सैनी और सेल्स टीम से गिरिराज प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में शिल्पकारों ने बताया कि इस आयोजन से उन्हें निर्माण संबंधी नई और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं, जो भविष्य में उनके काम की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगी।

# पाली में दिनदहाड़े 2 करोड़ का सोना लूटा, पूर्व कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले के फालना थाना क्षेत्र में 6 फरवरी को हुई करीब 2 करोड़ रुपए के सोने की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात में शामिल 2 बदमाशों (एक नामजद आरोपी) को गिरफ्तार किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि लूट का मुख्य साजिशकर्ता दुकान का पूर्व कर्मचारी हितेश जणवा चौधरी निकला। पुलिस अन्य आरोपियों और लूटे गए माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। पाली जिले में पुलिस की बहुत बड़ी कार्रवाई है। सोना लुट का खुलासा करते हुए पूर्व कर्मचारी के साथ अन्य दो को गिरफ्तार किया है।

## ऐसे हुई वारदात:

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली चैनसिंह महेचा ने बताया कि 6 फरवरी को परिवादी जगाराम पुत्र उमराम, निवासी टिपरी (सादड़ी), जिला पाली मोटरसाइकिल से फालना से शिवगंज जा रहे थे। बेड़ल-पैरवा के बीच एक कार में सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। गिरने के बाद बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर करीब 1250 ग्राम सोना लूट लिया, जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए बताई गई है। वारदात के बाद बदमाश परिवादी को सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए।

## 8 टीमें लगीं,15 दिन तक चला ऑपरेशन:

घटना की गंभीरता को देखते हुए पाली पुलिस अधीक्षक आदर्श सिंधु के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली व वृत्ताधिकारी बाली पारस राम चौधरी के पर्यवेक्षण में फालना थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी विश्लेषण किया, ग्राउंड लेवल पर सूचनाएं जुटाईं, फालना से लेकर सांडेराव, सुमेरपुर, शिवगंज, तखतगढ़, सांचोर, अहमदाबाद, बड़ौदा और मुंबई तक जांच का जाल बिछाया और करीब 15 दिन की लगातार कार्रवाई के बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि लूट की पूरी योजना दुकान पर पहले काम कर चुका कर्मचारी हितेश जणवा चौधरी ने बनाई थी। उसने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।आरोपियों की गिरफ्तारी में सांडेराव और सुमेरपुर थाना पुलिस का भी सहयोग रहा। फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश और लूटे गए सोने की बरामदगी के लिए दबिश दे रही है। मुख्य बिंदु: 6 फरवरी को फालना क्षेत्र में वारदात,1250 ग्राम सोना लूटा,कीमत करीब 2 करोड़ 2 आरोपी गिरफ्तार, एक नामजद पूर्व कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड 8 टीमों ने 15 दिन में घटना का खुलासा किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे कर्मी की मौत

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम खारड़िया कस्बे में रेलवे स्टेशन के पास शनिवार देर शाम को एक रेलवेकर्मी की ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर नावां पुलिस मौके पर पहुंची आरपीएफ मकराना और जीआरपीएफ टीम फुलेरा को सूचना दी गई। जिस पर आरपीएफ व जीआरपीएफ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर एंबुलेंस की सहायता से राजकीय उप जिला चिकित्सालय नावां लेकर आए और मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र रामदेव गुर्जर उम्र 33 साल के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मृतक शौच कर पटरी पार कर रहा था। उसी दौरान अचानक मालानी एक्सप्रेस गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सुपुर्द किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक की नौकरी 2014 में लगी थीं। मृतक के एक लड़की है जो पढ़ाई कर रही हैं। जवान मौत होने से परिवार में मातम छा गया। वही परिवार में एक महिला के डिलीवरी होने के पश्चात इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में एक साथ दोनों शवो का अंतिम संस्कार किया गया।

# 2 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** भीनमाल क्षेत्र में रात को एएनटीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए एक क्रेटा कार से करीब दो किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। जिसकी बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है। हालांकि आरोपी पकड़ में नहीं आए है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** थाना दिहौली क्षेत्र में रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई सत्य प्रकाश पुत्र यशपाल सिंह निवासी सूखे की गढ़ी थाना निबोहरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार चौबसिंह पुत्र यशपाल सिंह निवासी सूखे की गढ़ी जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) ग्वालियर में खंडेलवाल किचिन कंपनी में हलवाई का कार्य करता था। वह 21 फरवरी को घर पर आयोजित माता के भंडारे में शामिल होने ग्वालियर से आया था। 22 फरवरी को रात करीब 2 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस ग्वालियर जा रहा था। इसी दौरान मछरिया चौराहे से पहाड़ी गांव के बीच किसी अज्ञात वाहन ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेंस से राजकीय चिकित्सालय राजाखेड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित स्वीट भवन में रविवार को फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह हुआ। विद्या भारती संस्था निदेशक मधु बाला भाटी ने बताया कि जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित स्वीट भवन में फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें स्वीट भवन में जालोर शहर के सभी मोहल्ले से आई महिलाओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी महिलाएं संग के ताल पर मिलकर होली के गाने गाए। उसके बाद कुछ महिलाओं ने राधा कृष्ण का रोल प्ले कर अलग अलग नृत्य भी किया। वहीं उसके बाद सभी मिलकर होली के गाने पर मिलकर झूमे और संगीत किया। उसके बाद मधु बाला भाटी ने आगंतुक महिलाओं के साथ गुलाल और पुष्पों की बहार कर सभी को होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। अंत में सभी महिलाओं को मधु बाला भाटी ने मुंह मीठा कर धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और एक दूसरे को होली पर्व की बधाईयां दी।

# श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर में महामृत्युंजय अनुष्ठान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम व सर्वजन कल्याण की कामना को लेकर श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महामृत्युंजय अनुष्ठान का आयोजन किया गया। अनुष्ठान में ब्राह्मणों व आचार्यों ने विधि-विधान से महामृत्युंजय जाप व हवन कर देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य व निरोगी जीवन की कामना की। संस्थान के संस्थापक आचार्य योगेश कृष्ण ने बताया कि मौसमी बीमारियों के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, ऐसे में जनकल्याण की भावना से यह अनुष्ठान किया गया। अनुष्ठान में आचार्य हरिओम दीक्षित, राम कटारा, प्रयागदत्त पाठक, गिरिराज, महेश शास्त्री, धर्माचार्य सूरज, आचार्य अशोक, आचार्य सुभाष, आचार्य दामोदर, आचार्य राकेश महंत, मनोज दास महाराज, आचार्य देवेश व आचार्य तरुण ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष नीरज तिवारी, मीडिया प्रभारी व पुरस्कृत शिक्षक फोरम धौलपुर के सचिव भगवान सिंह मीना, दिगपाल चौधरी, बृजमोहन शर्मा, शैलेन्द्र दीक्षित, वीर सिंह टांक, प्रदीप शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कार से टकराने के बाद पिकअप ने कुचला, बाइक सवार की मौत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** निहालगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बस स्टैंड के पास हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिरौंदा निवासी 33 वर्षीय वीकेश पुत्र कैलाश अपनी बाइक से धौलपुर से गांव लौट रहे थे, तभी आगे चल रही एक कार से उनकी बाइक टकराकर फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे वीकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद रविवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस फरार वाहन की तलाश कर रही है तथा मामले की जांच जारी है।





## दो दीवाने शहर में फिल्म ने मुझे मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की

**बॉलीवुड में रोमांस और दिल छू लेने वाली कहानियों को हमेशा खास जगह दी जाती है। इस कड़ी में संजय लीला भंसाली का प्रोडक्शन एक ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहा है, जिसका नाम है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आएंगे।**

इस फिल्म को रवि उद्यावर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म के बारे में सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, जब मैं दो दीवाने शहर में फिल्म की शूटिंग कर रहा था, उस समय मैं अपने निजी जीवन में कुछ मुश्किल भरे दौर से गुजर रहा था। मेरे लिए यह फिल्म सिर्फ एक काम नहीं थी; यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे क्रिएटिविटी के तौर पर चुनौती दी और व्यक्तिगत रूप से मुझे उन मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की। सिद्धांत ने बताया कि फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है और उम्मीद जताई कि शूटिंग के दौरान जो जुड़ाव उन्होंने महसूस किया, वही फिल्म देखने के दौरान दर्शक भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा, कहते हैं कि परफेक्ट जैसा कुछ नहीं होता। बस आपको किसी ऐसे इंसान की जरूरत होती है जो आपके लिए दुनिया से लड़ सके और आप भी उनके लिए हमेशा खड़े रहें। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसे दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी बताया। फिल्म की घोषणा करते हुए भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी... इस वैलेंटाइन डे आपको इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने शहर में 29 फरवरी 2026 को रिलीज हो रही है। संजय लीला भंसाली इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं, और उनके साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी इस प्रोजेक्ट में हैं। फिल्म रवि उद्यावर फिल्म्स के सहयोग से बनाई जा रही है।



## द फैमली मैन 3 में अपने किरदार पर बोलीं निमरत कौर

**मनोज बाजपेयी की अदाकारी वाली वेब सीरीज द फैमिली मैन 3 प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। अभिनेत्री निमरत कौर ने इस सीरीज में अहम रोल अदा किया है। अपने रोल के बारे में उन्होंने कई बातें कही हैं। उनके मुताबिक द फैमिली मैन के नए सीजन में मीरा की भूमिका निभाना एक रोमांचक मौका था।**

### सीरीज में कैसा है निमरत का किरदार?

कौर ने फिल्म द लंचबॉक्स, एयरलिफ्ट और दसवीं में बेहतरीन अभिनय किया है। निमरत कौर द फैमिली मैन 3 में श्रीकांत तिवारी (मनोज बाजपेयी) की दुश्मन हैं। जयदीप अहलावत के साथ उन्होंने विलेन का रोल किया है। अपने किरदार के बारे में निमरत ने कहा वह एक कड़वी चॉकलेट है, एक कैरेक्टर के तौर पर बहुत स्वादिष्ट है। वह आम इंसान की पहुंच से दूर है। कौर ने आगे कहा कि उन्हें अपने किसी भी आने वाले प्रोजेक्ट पर इतना अच्छा रिएक्शन कभी नहीं मिला, जितना उन्हें तब मिला जब उन्होंने बताया कि वह द फैमिली मैन 3 का हिस्सा हैं।

### शो ऑफ करने लगीं

निमरत कौर ने कहा शुरू में मैं धीरे से जवाब देती थी क्योंकि मैं आम तौर पर शांत रहने वाली इंसान हूं। बाद में, मुझे समझ आया कि मुझे हर किसी से, परिवार से, दोस्तों से और लोगों से अच्छा रिएक्शन मिल रहा है। फिर मैंने शो ऑफ करना शुरू कर दिया। जब कोई मुझसे पूछता आप आगे क्या करने वाली हो? तो मैं कहती मैं द फैमिली मैन 3 करने वाली हूं। ऐसे रोल का इंतजार रहता है

### अपने किरदार के बारे में कहा

ये ऐसा किरदार है जिसे आपको बनाना होता है, ये आपको दिया जाता है। इसके बाद उम्मीद की जाती है कि आप इसके साथ न्याय करें। इसलिए, मैं हमेशा ऐसे रोल का इंतजार करती हूं, मुझे ऐसे सेट पर बहुत मजा आता है।

### सीरीज में हैं ये कलाकार

द फैमिली मैन 3 में शारिब हाशमी, प्रियामणि, अश्लेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग हैं। सीरीज पर दर्शक अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## नए शो में हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी मोनालिसा





अभिनेत्री मोनालिसा ने 21 नवंबर को अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अपने स्पेशल दिन पर भी मोनालिसा ने काम किया, आखिर मामला नए शो का जो है। मोनालिसा ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने नए शो पर अपडेट दिया है, जिसमें वे हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी। मोनालिसा ने लिखा, यह जन्मदिन नई शुरुआत के साथ खास रहा, वर्किंग बर्थडे, मिलिए सूर्या और शनाया से, एक नया किरदार शानदार को-एक्टर के साथ शो में। क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम हितेन के साथ काम करते हुए मोनालिसा ने कहा, शानदार अनुभव रहा। हितेन ने भी लिखा है, शुक्रिया मोना जी, धमाल करते हैं। मोनालिसा ने बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज भी शेयर की हैं, जिनमें अपने पति के साथ नजर आ रही हैं।

## राशी खन्ना ने फरहान अख्तर को बताया शानदार इंसान



एक्ट्रेस राशी खन्ना इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म आज यानी शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज के साथ ही राशी ने न केवल अपने को-स्टार फरहान अख्तर की तारीफ की बल्कि दर्शकों से फिल्म के लिए प्यार भी मांगा। इंस्टाग्राम पर बीटीएस तस्वीरों को पोस्ट करते हुए राशी खन्ना ने को-स्टार और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर की जमकर तारीफ की। राशी ने फरहान के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए फिल्म में अपने किरदार का जिक्र करते हुए लिखा, फरहान सर के साथ शगुन शैतान सिंह का रोल करना ऐसा लगा जैसे किसी ऐसी जगह पर कदम रख दिया हो, जहां सब कुछ अच्छा और आसान हो गया हो। उनमें एक शांत, समझदार इंसानियत है, जो आपको सबसे इंटेंस सीन में भी सुरक्षित महसूस कराती है। अभिनेत्री ने फरहान का आभार जताते हुए आगे लिखा कि फरहान के साथ बिताए हर पल के लिए वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी जोड़ा कि उन सभी मौकों के लिए भी धन्यवाद, जब फरहान सर ने जरूरत पड़ने पर उन्हें हंसाया। राशी ने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा, 120 बहादुर हमारी फिल्म अब आपकी है। प्लीज जाइए, अपना प्यार बरसाइए। फिल्म की कहानी रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है, जहां 120 भारतीय सैनिकों ने 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशभक्ति की भावना को शानदार तरीके से पर्दे पर पेश करती है। 120 बहादुर को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैपी स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। रजनीश घई के निर्देशन में बनी फिल्म में राशी खन्ना ने शगुन का किरदार निभाया है, जबकि फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह के रोल में हैं। ■



## कॉमिक टाइमिंग के जादूगर, जानें कैसे बने बॉलीवुड के रोम-कॉम किंग

बॉलीवुड में कुछ ऐसे कलाकार होते हैं जो अपने चेहरे की मासूमियत, हंसी और स्क्रीन पर अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। कार्तिक आर्यन ऐसे ही एक कलाकार हैं, जिन्होंने रोमांस और कॉमेडी से बॉलीवुड में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उनकी फिल्में दर्शकों का लंबे समय से मनोरंजन करती आई हैं। उनकी फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ ह्यूमर का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है, जिसके चलते उन्हें आज बॉलीवुड का रोम-कॉम किंग कहा जाता है। कार्तिक आर्यन का जन्म 22 नवंबर 1990 को मध्य प्रदेश के शहर ग्वालियर में हुआ। उनका असली नाम कार्तिक तिवारी है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए अपना सरनेम बदलकर आर्यन रख लिया। उनके माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं, इसलिए उनके परिवार की पहली इच्छा थी कि कार्तिक भी डॉक्टर बने। लेकिन कार्तिक के दिल में फिल्मी दुनिया का सपना था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे एक्टिंग की ओर भी आकर्षित होते गए। 2011 में कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड में कदम रखा और प्यार का पंचनामा फिल्म से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनका किरदार रजत नाम के लड़के का और उन्होंने एक सीन में लगभग पांच मिनट का लंबा मोनोलॉग बिना रुके कहा। यह मोनोलॉग आज भी बॉलीवुड की यादगार पलों में गिना जाता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और कार्तिक की प्रतिभा को खूब सराहा गया। इस मूवी ने उनके लिए फिल्म इंडस्ट्री में दरवाजे खोल दिए।

इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया, लेकिन उनकी असली पहचान तब बनी जब उन्होंने प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, और लुका छुपी जैसी फिल्में की। इन फिल्मों में उन्होंने अपने कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया। सोनू के टीटू की स्वीटी में उनका किरदार ऐसा था जो दर्शकों के दिलों में तुरंत उतर गया। लुका छुपी में उनकी मासूमियत और मजेदार अंदाज ने फिल्म को और भी हिट बनाया। इन फिल्मों के जरिये कार्तिक ने साबित किया कि वह सिर्फ रोमांटिक हीरो नहीं, बल्कि कॉमेडी में भी माहिर हैं। कार्तिक आर्यन ने इसके अलावा पती-पत्नी और वो जैसी फिल्मों में भी शानदार प्रदर्शन किया। कॉमेडी के साथ-साथ कार्तिक ने भूल भुलैया 2 और भूल भुलैया 3 जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में भी की, जो सुपरहिट रहीं। इसके अलावा, उन्होंने धमाका और फ्रेडी जैसी फिल्में कर करके अपने अभिनय की सीमा को और बढ़ाया। धमाका में उन्होंने एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाया, जबकि फ्रेडी में वह एक शर्मीले और शांत डेंटिस्ट बने, जिसमें उनका डार्क और सस्पेंस से भरा अंदाज देखने को मिला। करियर में अपनी मेहनत और अभिनय से उन्होंने कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें स्टारडस्ट अवार्ड, जी सिने अवार्ड्स, आईफा, और फिल्मफेयर आदि में नामांकन और पुरस्कार मिल चुके हैं। हाल ही में उन्हें भूल भुलैया 3 और चंदू चैंपियन के लिए भी कई पुरस्कार मिले।



## रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहा हूं, यह मेरे लिए नई शुरुआत है

90 के दशक वाले प्यार की सादगी और गहराई को नए अंदाज में दिखाने वाली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' जल्द ही रिलीज होने वाली है। विभु पुरी के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार फातिमा सना शेख और विजय वर्मा साथ नजर आएंगे। फिल्म में रिश्तों, प्यार और भावनाओं की जटिलताओं को पेश किया गया है। इसका खास आकर्षण गुलजार और विशाल भारद्वाज का संगीत है, जिसे दर्शक लेकर काफी उत्साहित हैं। हाल ही में विजय ने बातचीत में अपने अनुभव साझा किए।

**90 के दशक की बहुत सी बातें याद आती हैं, खासकर उस दौर का सच्चा प्यार और जज्बात। आपको उस समय की कौन-सी बातें सबसे ज्यादा याद आती हैं?**

90 के दशक की बहुत सी यादें हैं। हर चीज में अपना अलग मजा था। मौसम का, फिल्म देखने का, थिएटर की लाइन में लगने तक का। उस समय हर चीज के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन लोग उस इंतजार को भी एन्जॉय करते थे। लाइट चली जाती थी तो परिवार या दोस्तों के साथ बातें करते थे, पुराने फोटो एल्बम देखते थे, छोटी-छोटी खुशियां मनाते थे। वही पुरानी खूबसूरत यादें इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेंगी।

**स्कूल टाइम में जो मासूम प्यार होता था, वो एकतरफा था या दोतरफा? कोई अनुभव शेयर करें?**

एकतरफा ही था, क्योंकि कभी बात नहीं की। शायद दोतरफा भी हो, लेकिन मौका ही नहीं मिला।

**आपने कभी अपने दिल की बात कही थी?**

स्कूल के समय मैं बहुत शर्मीला था, किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। 18 साल की उम्र में पहली बार किसी लड़की से बात हुई। उसने खुद मुझे एक चिट्ठी भेजी थी, जिसमें लिखा था- तुम चेक शर्ट में अच्छे लगते हो। इसके बाद हम दोस्त बने, फिर कुछ सालों बाद हमारी डेटिंग शुरू हुई। कुछ समय बाद हमारा रिश्ता खत्म हो गया, और उसके बाद मैं पढ़ाई के लिए पुणे के एफटीआईआई चला गया।

**नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? सुना है, एफटीआईआई में उनकी वर्कशॉप में आप नहीं जा पाए थे, क्या कहानी है?**


जब मैं एफटीआईआई में था, तब नसीर साहब की वर्कशॉप हमारे बैच में नहीं हुई थी। अगले बैच में उनकी वर्कशॉप रखी गई, तो मैं और मेरा एक दोस्त पुणे चले गए। हमने सोचा था कि क्लास में बैठ जाएंगे, लेकिन वहां जाने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि वो दूसरे बैच की वर्कशॉप थी। हम बाहर ही पूरा दिन बैठे रहे, बस उनसे मिलने की उम्मीद में। शाम को जब नसीर साहब ने देखा कि हम अब भी बाहर बैठे हैं, तो मुस्कुराकर बोले, कल सुबह 9 बजे आ जाना। इसी तरह हमें उनकी वर्कशॉप में शामिल होने का मौका मिल गया।

**विजय आप अपनी को-स्टार फातिमा के बारे में क्या कहेंगे?**

फातिमा बहुत डाउन टू अर्थ और सिंपल हैं। बिल्कुल भी एटीट्यूड नहीं है, बड़ी फिल्मों में काम करने के बावजूद बहुत ग्राउंडेड है।

**हाल में आपने ओटीटी पर कई अच्छे रोल किए, अब फिर रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहे हैं, कैसा लग रहा है?**

बहुत नया महसूस हो रहा है, जैसे एक्टर के तौर पर दोबारा जन्म ले रहा हूं। मेरी फिल्में काफी समय बाद थिएटर में आ रही हैं, वो भी बतौर लीड। तो यह मेरे लिए नई शुरुआत है। बस चाहता हूं कि ऑडियंस का प्यार और सपोर्ट मिले ताकि आगे बढ़ता रहूं।



## महासभा में बड़ा दांवः ललित मेडतिया को विधि प्रकोष्ठ की कमान

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा ने संगठन विस्तार के तहत अहम फैसला लेते हुए एडवोकेट ललित मेडतिया को प्रदेश महासचिव (विधि प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है। घोषणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आर.सी. कुमावत ने की। डॉ. कुमावत ने कहा कि संगठन का लक्ष्य समाज को एकजुट करना, शिक्षा-रोजगार को बढ़ावा देना और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करना है। युवाओं को नेतृत्व से जोड़ने की दिशा में यह नियुक्ति अहम कदम मानी जा रही है। एडवोकेट मेडतिया लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। विद्यार्थी सम्मान समारोह, सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आरोग्य भवन जैसी पहलों में उनकी भूमिका चर्चा में रही है। नियुक्ति के बाद समाजजनों में उत्साह है और बधाइयों का दौर जारी है। संगठन अब विधिक मोर्चे पर और सशक्त नजर आएगा।

## जनजाति समाज डीलिस्टिंग को लेकर दिल्ली में करेगा रैली का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** जनजाति सुरक्षा मंच राजस्थान की जिला कार्यशाला का आयोजन नला का माताजी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में पूरे देश के 755 अनुसूचित जनजाति समुदाय के दस लाख प्रबुद्ध व्यक्ति संविधान के आर्टिकल 342 में बदलाव को लेकर 24 मई 2026 को नई दिल्ली में विशाल सांस्कृतिक समागम कर जनजाति गर्जना रैली करेंगे।नरैली में डाबी व बिजौलियां से 2 हजार लोग पहुंचेंगे। कार्यशाला में 25 ग्राम पंचायतों के 65 कार्यकर्ता समेत विभाग श्रद्धा जागरण प्रमुख अर्जुन लाल, जिला अध्यक्ष रूपचंद चौहान, जिला संगठन मंत्री पहलवान व प्रचार प्रमुख राकेश भील मौजूद रहे।

## घटिया सड़क निर्माण पर बड़ी कार्रवाईः कंपनी पर भारी जुर्माना, अमानत राशि जब्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गुंदोज से डेंडा के बीच बन रही डामर सड़क में गंभीर खामियां मिलने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने अजमेर की मेसर्स गुरु कंस्ट्रक्शन पर बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी के खिलाफ रिस्क एंड कॉस्ट की कार्रवाई करते हुए अमानत राशि जब्त कर भारी पेनल्टी वसूलने के आदेश दिए गए हैं। यह सड़क DMFT योजना के तहत 353.41 लाख रुपए की लागत से करीब 7.2 किमी लंबाई में बनाई जा रही थी। कार्यादेश 23 मार्च 2023 को जारी हुआ था और 7 माह में काम पूरा होना था, लेकिन जून 2025 तक भी निर्माण अधूरा रहा। मानसून में जलभराव और उचित कंपेक्शन नहीं होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की शिकायत पर स्थानीय विधायक एवं पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जांच के आदेश दिए। जांच में कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने कंपनी के भुगतान पर रोक लगा दी। अब नए सिरे से टेंडर कर दूसरी फर्म से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाएगा।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सावल लाल पुरोहित धार्मिक व पूर्त न्यास, नन्दू बाई सूरज बाई धार्मिक व पूर्त न्यास के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन नटराज हॉस्पिटल में किया गया। न्यासी बद्री प्रसाद गुरुजी ने बताया कि शिविर में 136 रोगियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। न्यास की ओर से निःशुल्क दवाइयां दी गई। साथ ही ख्याति प्राप्त चिकित्सकों की ओर से विभिन्न रोगों की जांच व निःशुल्क परामर्श दिया गया।आंखों के ऑपरेशन योग्य 3 व्यक्तियों का ऑपरेशन ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क कराया जाएगा।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में समाज की बैठक का आयोजन कमेटी के अध्यक्ष ओंकार लाल धाकड़ की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन की तैयारियों के साथ ही आगामी 4 अप्रेल को पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विवाह सम्मेलन के लिए 15 जोड़ों का पंजीयन हुआ। बैठक में विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरेटीबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ के साथ ही समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



# मंत्री के इलाके में 'दलदल राज': पांच साल से कीचड़ में कैद वेरा रामपुरा

## खबर छपते ही प्रशासन जागा, जलभराव वाले क्षेत्रों में आनन-फानन में डलवाई गई बजरी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राज्य सरकार के मंचों से जहां 'विकसित राजस्थान' के दावे गूंजते हैं, वहीं सिरोही जिले के सुमेरपुर उपखंड स्थित वेरा रामपुरा गांव की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। सिरोही विधानसभा क्षेत्र से पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी के प्रभाव क्षेत्र में आने वाला यह गांव पिछले करीब पांच वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहा है। गांव की अधिकांश गलियां कीचड़ में धंसी हुई हैं, रास्ते जलभराव से बाधित हैं और हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों का आवागमन तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में विकास कार्यों का अभाव साफ नजर आता है। बारिश के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब पूरी बस्ती दलदल में तब्दील हो जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।








### करोड़ों के बजट का दावा, पर सड़क नदारदः

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में न तो पक्की सीसी सड़क बनाई गई है और न ही जल निकासी के लिए समुचित नाली व्यवस्था विकसित की गई है। हल्की बारिश होते ही गांव की गलियां तालाब में तब्दील हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि विकास योजनाओं के तहत बजट स्वीकृत हुआ, तो उसका उपयोग कहां हुआ? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि आगामी पंचायती राज चुनाव में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### गंदगी और जलभराव से बीमारी का खतराः

गांव में हफ्तों तक जमा रहने वाला गंदा पानी मच्छरों के पनपने का मुख्य कारण बन गया है, जिससे मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित सफाई व्यवस्था भी नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो चुकी है। गांव की शायद ही कोई गली ऐसी हो, जहां कीचड़ और गंदगी से राहत हो।

### शिकायतों का अंबार, कार्रवाई शून्यः

ग्रामीणों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में पंचायत एवं प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया और आज तक हालात जस के तस बने हुए हैं।

**स्कूल से श्मशान तक 'सजा' जैसा सफरः**
गांव के बच्चों को रोजाना स्कूल पहुंचने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे रास्ते में फिसलकर गिर जाते हैं। वहीं बुजुर्गों और महिलाओं के लिए श्मशान घाट तक पहुंचना भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आवागमन की स्थिति इतनी खराब है कि बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाना भी जोखिम भरा हो गया है।

### खबर के बाद हरकत में आया प्रशासनः

हालांकि मामले को लेकर मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद ग्राम पंचायत ने ठेकेदार को निर्देशित कर जलभराव वाले क्षेत्रों में अस्थायी राहत के तौर पर बजरी डलवाई है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थायी समाधान नहीं है और पक्की सड़क व नाली निर्माण की आवश्यकता है।
अब जवाबदेही की मांग वेरा रामपुरा की स्थिति पंचायती राज व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि–
गांव का तात्कालिक निरीक्षण किया जाए,
विकास योजनाओं व स्वीकृत बजट का सार्वजनिक खुलासा हो, समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर सड़क व नाली निर्माण कराया जाए, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव दलदल से मुक्त नहीं होगा, तब तक 'विकसित राजस्थान' का दावा अधूरा ही रहेगा। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस समस्या को लेकर कितनी गंभीरता दिखाते हैं।

13 जोड़ों का सामूहिक विवाह


## काम्बेश्वर महादेव बना समाज की एकजुटता का साक्षी

### सादगीपूर्ण आयोजन में संस्कार, संगठन शक्ति और सामाजिक समरसता का दिखा अनुपम संगम

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शिवगंज निकटवर्ती काम्बेश्वर महादेव परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन केवल विवाह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज की एकजुटता, संगठन क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन बनकर उभरा। पूरे दिन परिसर में मंगलगीत, शुभकामनाओं और उत्साह का वातावरण बना रहा।









### अनुशासित व्यवस्थाओं ने खींचा ध्यानः

आयोजन के सफल संचालन में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका स्पष्ट रूप से दिखाई दी। भोजन-प्रसादी, पेयजल, बैठने की सुव्यवस्था, वाहन पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत सहित सभी व्यवस्थाएं सुविचारित ढंग से की गईं। सम्मेलन के दौरान अनुशासन और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था चर्चा का विषय रही। इस आयोजन का नेतृत्व श्रीदक्ष प्रजापति सामूहिक विवाह सेवा संस्थान के अध्यक्ष चंपालाल चांदोरा, अमृत भाई कुमावत, अनिल भाई प्रजापति, चमनाराम सणवेचा सहित समर्पित टीम ने किया। सम्मेलन के माध्यम से समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। मंच से वक्ताओं ने इसे सामाजिक सहयोग, समरसता और सामूहिक भागीदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

### सामाजिक चेतना का प्रतीक बना आयोजनः

काम्बेश्वर महादेव परिसर में सम्पन्न हुआ यह सामूहिक विवाह सम्मेलन क्षेत्र में सामाजिक एकता और संगठन शक्ति का प्रतीक बनकर उभरा। 13 जोड़ों का यह पावन मिलन समाज के लिए प्रेरणास्रोत साबित हुआ और क्षेत्र के इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

## एक साल में बुझी 'विकास' की रोशनी: बामनेरा की सौर लाइटें बनीं कबाड़, पंचायती राज पर उठे सवाल

### लाखों की लागत से लगी स्ट्रीट लाइटें बंद, ग्रामीणों ने गुणवत्ता व खरीद प्रक्रिया पर जताई आपत्ति

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत बामनेरा में 'सौर ऊर्जा से रोशन गांव' का दावा महज एक वर्ष में ही धरातल पर विफल साबित होता नजर आ रहा है। पोयणा, बामनेरा और धनापुरा गांवों में लाखों रुपए की लागत से स्थापित की गई सोलर स्ट्रीट लाइटें अब खंभों पर निष्क्रिय लटकती दिखाई दे रही हैं। उद्घाटन के समय जिस योजना को लेकर प्रशंसा हुई थी, वही आज ग्रामीणों के लिए अंधेरे का कारण बन गई है।

### पोयणा में सामने आई गुणवत्ता की कमीः

ग्रामीणों के अनुसार कई सोलर लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। कहीं सोलर पैनल टूटे हुए हैं तो कहीं ढीले होकर लटक रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर बैटरियां जवाब दे चुकी हैं, वहीं खंभों की फिटिंग भी अस्थिर बताई जा रही है। शुरुआती दिनों में कुछ समय तक रोशनी रही, लेकिन इसके बाद एक-एक कर लाइटें बंद होती चली गईं। शिकायतों के बावजूद अब तक मरम्मत या सुधार के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### खरीद प्रक्रिया और निगरानी पर सवालः

स्थानीय स्तर पर योजना की खरीद प्रक्रिया और गुणवत्ता जांच को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्या इस कार्य के लिए ग्राम सभा का विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया था? क्या किसी थर्ड पार्टी एजेंसी से गुणवत्ता परीक्षण कराया गया? साथ ही, रखरखाव की जिम्मेदारी किसे सौंपी गई, इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि महज एक वर्ष में ही ये लाइटें निष्क्रिय कैसे हो गईं और इसके बावजूद भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कैसे कर दी गई?






### अंधेरे में डूबे रास्ते, बढ़ा खतरा

रात होते ही गांव की गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा, बुजुर्गों के गिरने का खतरा तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही आवारा पशुओं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का जोखिम भी बढ़ गया है। जिस योजना से सुरक्षा और सुविधा मिलनी थी, वही अब चिंता का कारण बन गई है।

### ग्रामीणों की जांच और कार्रवाई की मांगः

ग्रामीणों ने इस मामले में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बंद पड़ी सोलर लाइटों की समयबद्ध मरम्मत या प्रतिस्थापन की मांग की है। बामनेरा का यह मामला अब पंचायती राज विभाग की निगरानी और जवाबदेही पर सीधा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। कागजों में रोशनी और जमीन पर अंधेरे के बीच अब देखना यह है कि संबंधित विभाग जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कदम उठाता है।

## मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)** विधायक व विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रविवार को एक कार्यक्रम में बिजली व्यवस्था पर बोलते हुए जनता से कहा कि पहले आप भिखारी थे, अब आपको मालिक बना दिया है। दरअसल जालोर जिला मुख्यालय पर नगरपरिषद परिसर में जालोर पंचायत समिति क्षेत्र के 19 विकास कार्यों के शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम रखा हुआ था। इस दौरान जोगेश्वर गर्ग ने पूर्ववर्ती अशोक गहलोत के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार का हवाला देते हुए बिजली व्यवस्था पर कहा कि उन्होंने सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी थी, लेकिन मोदी सरकार ने मुफ्त बिजली का स्थायी समाधान कर दिया और बीपीएल व अंत्योदय लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगवा दिए, इससे अब बिल भरने का झंझट खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि पहले आप भिखारी थे, मुफ्त में बिजली लेनी पड़ती थी, लेकिन अब आप मालिक बन गए हो। गर्ग ने कहा कि जहां जहां भाजपा सरकार है, वहां हर व्यक्ति को सुविधा दी जा रही है, भाजपा जताती नहीं, जबकि कांग्रेस सरकार अहसान जताती है, पहले गरीबों को परेशान कर समस्या खड़ी करती है फिर समाधान करने पर अहसान जताती है कि यह हमने किया, इतना भाजपा व कांग्रेस में फर्क है।



### करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास/ लोकार्पणः

समारोह में जालोर क्षेत्र में विधायक स्थानीय विकास निधि योजना के तहत 192.79 लाख की लागत से 19 कार्य व राज्य/केन्द्र वित्त आयोग द्वारा पोषित 1172.26 लाख के 315 कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया। वही पंचायत समिति परिसर सायला में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत पंचायत समिति सायला क्षेत्र में 504.14 लाख के 55 कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में नागरिकों के लिए आधारभूत संरचना को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में आधारभूत संरचना में सम्मिलित शिक्षा, सड़क, बिजली व पेयजल के लिए सरकार की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, अटल प्रगति पथ, पीएम कुसुम योजना सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित से जुड़ी समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण कर रही हैं तथा राज्य के प्रत्येक नागरिक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2015 में शुरू किए गए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिक को घर पर ही संचार उपकरणों के माध्यम से डिजिटल सुविधाओं यथा-दिव्यांग प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ट्रेवल टिकट बुकिंग, स्टूडेंटस के लिए ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरना आदि का लाभ मिल रहा हैं। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार ''इज ऑफ डूइंग बिजनेस'' के ध्येय वाक्य पर कार्य करते हुए विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने हेतु राइजिंग राजस्थान के माध्यम से राज्य में नव उद्योगों को स्थापित करने और नव रोजगार सुरक्षित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से वनस्पति, खेल, पर्यटन स्थल, उद्योग का संरक्षण सुनिश्चित कर रही है। राज्य सरकार की ओर से किसानों को सिंचाई हेतु निर्बाध रूप से बिजली व जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण के लिए कृषि सखी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ पात्र नागरिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम से जोड़ा गया है तथा गिव-अप अभियान के अंतर्गत अपात्र लोगों का नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की सूची से हटवाया जा रहा हैं। जालोर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर, भवानी सिंह बाकरा उपस्थित रहे।

# गीता पाठ के श्लोको का कराया रिविजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भास्कर भवन में हर रविवार को नियमित रूप से लगने वाली गीता क्लास में रविवार को गीता पाठ का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का शुंभारम्भ दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। संजय सिंघानिया ने बताया कि जनार्दन आचार्य के सानिध्य में नियमित रूप से बच्चे गीता पाठ का अध्ययन कर रहे है। रविवार को गीता पाठ के श्लोको का रिविजन करवाया गया। गीता पाठ करने से बच्चों में संस्कार आते है। हर क्लास के बच्चे गीता पाठ का अध्ययन कर रहे है। इस अवसर पर मोहित सिंघानियां, निरंजन आचार्य आदि उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के हरपालसर गांव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के पिता आरएएस उत्तमसिंह की स्मृति में हो रही शिव गोशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन अदभुत रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा बालसंत भोले बाबा के श्रीमुख से कथा के वाचन का खूब आनंद लिया। इस अवसर पर भोलेबाबा ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीन माताएं होती है। जिनमे प्रथम जन्म देने वाली मां, दूसरी आपने दुध से पालने वाली गो माता और तीसरी हमारी धरती माता है। इन तीनों माताओं की सेवा करने वाले पर ही इश्वर कृपा दृष्टि बनाये रखते हैं। भागवत कथा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ और उनके परिवार के अलावा महंत सुरेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान मनभरी देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, अपरलोक अभियोजक रोशनसिंह राठौड़, बंशीधर बोहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, सरपंच जयचंद शर्मा, हरदत्त सिंह, जिला परिषद सदस्य नौरंग शीलू, वेदप्रकाश, श्रवणसिंह शेखावत, जयदेवसिंह राठौड़, बुद्धिप्रकाश सोनी, रामदास स्वामी, हरिराम साहू, परमेश्वर दुबे, निजाम खां कालूसर, पूनमचंद तिवाड़ी, तेजपाल चौधरी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भामाशाह पेड़ीवाल ने गौशाला में दो लाख 51 हजार देकर किया सहयोग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भामाशाह अमित पेड़ीवाल अपनी माता के साथ राणासर की कृष्ण गौशाला समिति की वेद लक्ष्णा गौ माता मंदिर में पधारे। जिनका समस्त गौशाला समिति व ग्राम वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने दानशीलता और गौ-भक्ति का परिचय देते हुए श्री कृष्ण गौशाला समिति में आश्रित मूक गौवंश की सेवा-सुश्रुषा के लिए दो लाख इक्कावन हजार रुपये सहयोग राशि प्रदान की है। इस आर्थिक सहयोग के लिए गौशाला समिति राणासर के समस्त सदस्य और ग्रामवासियों ने भामाशाह पेडिवाल का आभार जताया हैं। यह राशि गौमाता के चारे-पानी, औषधियों और गौशाला के विकास कार्यों में अमूल्य योगदान देगी। इस अवसर पर गौशाला समिति के पदाधिकारियों व ग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों की ओर से भामाशाह अमित पेड़ीवाल व साथ आए सभी गौ भक्तों को साफा, दुपट्टा व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह में कल्याणसिंह पूर्व पीसीसी मेंबर, नानूराम पारीक पूर्व सरपंच दुलरासर, प्रयागचंद पारीक, पवन पुरोहित तथा गौशाला कमेटी के पदाधिकारी ग्राम राणासर से पधारे प्रबुद्ध नागरिक व अन्य गौभक्त उपस्थित रहे।

# भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में पुजारी राजूराम के सानिध्य में शुरू हुए धार्मिक आयोजन के तहत श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर प्रांगण में शुरू हुए श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा यजमान विष्णु कांत पारीक व एडवोकेट सतीश कुमार मारू ने सपत्नीक व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा का वर्णन किया। समुद्र मंथन वामन अवतार की कथा वर्णन किया। भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा में पवनसिंह सरपंच प्रतिनिधि कुसुमदेसर, कथा में समस्त बालाजी मंदिर के सदस्य तथा महिला पुरूष मौजूद रहे।



# एक करोड़ की अवैध शराब से भरा कंटेनर जप्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के भानीपुरा पुलिस और चूरू स्पेशल टीम ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे ट्रक को जब्त कर दो जनों को गिरफ्तार किया है। शराब पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। भानीपुरा थानाधिकारी अरविन्द सिंह के अनुसार पुलिस थाना भानीपुरा की ओर से डीएसटी चूरू व साईबर सैल के सहयोग से कार्यवाही करते हुए नाकाबन्दी के दौरान थाना भवन के सामने मेगा हाईवे पर एक




ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें अवैध शराब भरी हुई थी। जो पंजाब से अवैध शराब की तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। शराब सहित ट्रक को जब्त कर शराब तस्कर बालोतरा निवासी 24 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र खरताराम जाट व बाड़मेर निवासी 26 वर्षीय अमराराम पुत्र किशनाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पंजाब निर्मित अवैध अग्रेजी शराब व बीयर के कुल 1425 कार्टून के साथ एक ट्रक को जब्त किया गया। इस संबंध ने पुलिस थाना भानीपुरा में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। जब्तशुदा ट्रक व पंजाब निर्मित अवैध शराब व बीयर की कीमत अनुमानित एक करोड रूपए से अधिक है। इस कार्रवाई में भानीपुरा थानाधिकारी अरविन्दसिंह, हैडकांस्टेबल रामचंद्र बुडानिया, विनोद कुमार, कांस्टेबल कुलदीपसिंह, डीआर हरेन्द्रपाल, राजेन्द्र प्रसाद, डीएसटी प्रभारी चूरू जयप्रकाश, डीएसटी कांस्टेबल मुकेश कुमार, मोहरपाल, मुकेश कुमार, प्रमोद, भीमसिंह व साइबर सेल चूरू के एएसआई भागीरथ की विशेष भूमिका रही।

# धरती का श्रृंगार करके रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारीः बजाज

## श्रमदान कर दिया स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** संत निरंकारी मंडल जोन 19 ए चूरु में प्रोजेक्ट अमृत के चतुर्थ चरण के अंतर्गत रविवार को निरंकारी सत्संग भवन और उसके आसपास के क्षेत्र में जल व पर्यावरण संरक्षण को लेकर सत्संग निरंकारी मण्डल के सेवा दल और निरंकारी महात्माओं की ओर से मिलजुलकर श्रमदान किया गया। जल संरक्षण के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है। जोनल इंचार्ज शिव भगवान बजाज ने बताया कि जल को सुरक्षित साफ सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। बाबा हरदेव सिंह की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया गया था। यह जल संरक्षण एक विशेष दिवस तक सीमित ना करके हर दिन हमारे जीवन शैली का एक



अंग बन जाए इसी दिव्य संदेश को देने के लिए सभी महात्माओं की ओर से सेवा कार्य किया गया। सत्संग में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह की दिव्य शिक्षाओं को सत्संग में सांझा करते हुए बताया कि प्रदूषण भीतर और बाहर दोनों जगह ही नहीं होना चाहिए और हमें इस धरती का श्रृंगार करके रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। सेवा सत्संग और सुमिरन के माध्यम से इस धरती को स्वर्ग बनाए और अपने जीवन को भी सफल बनाएं। लगभग 120 महात्माओं की ओर से सेवा कार्य किया गया। सत्संग में सभी आसपास की संगतो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# संत निरंकारी मंडल में स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के संत निरंकारी मंडल में प्रोजेक्ट अमृत के चतुर्थ चरण के अंतर्गत प्रातः 8 से 11 बजे तक निरंकारी सत्संग भवन और उसके आसपास के क्षेत्र में जल व पर्यावरण संरक्षण संबंधी सेवाएं सभी सेवा दल और निरंकारी महात्माओं की ओर से मिलजुलकर की गई। जल संरक्षण के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है। धरती हमारी मां हैं, सुरक्षा करनी भी बच्चों की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में वृक्षों का संरक्षण, खाद, पानी, कटिंग संबंधी कार्य किया गया। गोपराज हरचंदानी संयोजक ने बताया कि ईश्वर की अमूल्य देन जल को सुरक्षित साफ सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। बाबा हरदेवसिंह की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया गया था। यह जल संरक्षण एक विशेष दिवस तक सीमित ना हो करके हर दिन हमारे जीवन शैली का एक अंग बन जाए। इसी दिव्य संदेश को देने के लिए सभी महात्माओं की ओर से सेवा कार्य किया जाता है। महात्मा बालकृष्ण ने सत्संग में सतगुरु बाबा हरदेवसिंह की दिव्य शिक्षाओं को सत्संग में सांझा करते हुए बताया कि प्रदूषण भीतर और बाहर दोनों जगह ही नहीं होना चाहिए। हमे एक गुलदस्ते की तरह प्रेम पूर्वक रहना है। दीवार रहित संसार की परिकल्पना को साकार करना है। बाबा ने प्यार का ही संदेश दिया था। सतगुरु माताजी का संदेश सदैव यही रहता है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान इस पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है। सेवा सत्संग और सुमिरन के माध्यम से इस धरती को स्वर्ग बनाए और अपने जीवन को सार्थक करें। सैकड़ों महात्माओं की ओर से सेवा कार्य कर, सत्संग का आनंद उठाया गया। संतों ने गीत, कविता और विचारों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। आसपास की संगतो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# विराट हिन्दू सम्मेलनः कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ के सालासर रोड स्थित गोदावरी गेस्ट हाउस में वीर अर्जुन बस्ती के सर्व समाज के नागरिकों ने विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में नौसरिया के संत सीताराम महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग समरसता प्रमुख राजेश सोनी एवं गायत्री परिवार की जोनल हेड नीलम गौड़ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में इन्द्रचंद कंवल, गौरीशंकर भोभरिया तथा आयोजन समिति अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व वीर अर्जुन बस्ती की मातृ शक्तियों की ओर से काली टंकी के पास स्थित वीर हनुमान मंदिर से आयोजन स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान महावीर प्रसाद सांखोलिया व सुरेन्द्र हरित ने स्वस्ति वाचन किया। संत सीताराम महाराज ने रामचरितमानस के उदाहरणों के माध्यम से आपसी स्नेह, समरसता एवं सद्भाव के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। उन्होंने सनातन धर्म ग्रंथों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' अर्थात ईश्वर की संतान के रूप में हम सभी समान हैं। उन्होंने जातिवाद का त्याग कर संयुक्त परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्र को सर्वोपरि मानने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राजेश सोनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उद्देश्य व गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए समाज में पंच परिवर्तन लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, गौ-गोबर आधारित पारंपरिक कृषि, स्वदेशी संस्कृति एवं वस्तुओं का उपयोग, कुटुंब प्रबोधन तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को सशक्त भारत के निर्माण के लिए आवश्यक बताया। गायत्री परिवार की जोनल हेड नीलम गौड़ ने अपने काव्यात्मक उद्बोधन में 'नारी तेरी साध सुगढ़ परिवार बनाती थी, रत्न प्रसविनी तू देवों को गोद खिलाती थी' की पंक्तियों के साथ नारी शक्ति को सुसंस्कारित समाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। आयोजन समिति अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रामदेव चंदनिया ने किया। सम्मेलन में बजरंग लाल कठोड़, रघुनाथ प्रसाद शर्मा, आसकरण भाटी, बजरंग लाल भोभरिया, पीरूमल प्रजापत, महेंद्र कुमार गार्ड, गुरुदत्त कठोड़, विनोद घोड़ीवाल, संजय पंडित, मोहन सुथार, करणी सिंह राजियासर, जगदेव प्रसाद सांखोलिया, बद्रीप्रसाद चंदनिया, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, वासुदेव चाकलान, ओम मनोहर स्वामी, आनंदवर्धन राजवंशी, पुष्पा देवी हरित सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

### होली मायड़ भूमि री कार्यालय का उदघाटन

# चार दिवसीय होली उत्सव में दिखेंगी पुरानी संस्कृति की झलक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में आगामी होली पर सेठ मूलचंद विकास कुमार विनीत कुमार मालू के सौजन्य से स्थानीय ताल मैदान में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम होली मायड़ भूमि री के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य बाजार में कार्यालय का शुभारंभ उदासर धाम के संत दयानाथजी महाराज की उपस्थिति में किया गया। 27 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत ताल मैदान में पहली बार घींदड़ का आयोजन किया जा रहा हैं, प्रतिदिन प्रदेश की सुप्रसिद्ध चंग मंडलियों की ओर से प्रस्तुति, सुविख्यात गायिका सीमा मिश्रा सहित अनेक नामी कलाकारों की प्रस्तुतियां, एक मार्च को सांय 4 बजे भव्य होली शोभायात्रा मुख्य आकर्षण होंगी। कार्यालय उद्घाटन पर पं. शिवकांत पारीकने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, निवर्तमान उप प्रधान केशरीचंद शर्मा, वृताधिकारी कुलदीप वालिया, थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई, पूनमचंद तिवाड़ी , व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, सत्यनारायण जांगिड़, गौरीशंकर शर्मा, बनवारीलाल जांगिड़, अमरचंद मीणा, मुरलीधर सैनी,



राकेश टाक, फारुख ज्यानमोहम्मद, मुमताज अली, तेजपालसिंह चौधरी, किशोर भारद्वाज, भंवरलाल धूत, दिनेश पांडिया, राजकुमार पारीक, सीताराम चौहान, प्रह्लादराय पांडिया, गिरधारीलाल पारीक, पन्नालाल देरासरी, पं.बालकृष्ण कौशिक, सुरेश वर्मा, रामप्रसाद बोहरा, अशोक महर्षि, शंभुदयाल पारीक, गौरीशंकर कंदोई, हरिप्रसाद शर्मा, अभिषेक पारीक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति अध्यक्ष शोभाकांत स्वामी, उपाध्यक्ष रामप्रसाद सुथार, मंत्री शंकरलाल प्रेमानी, आयोजन प्रभारी जितेंद्र राजवी, कार्यक्रम संयोजक संपतराम जांगिड़ आदि ने आगंतुकों का अभिनन्दन किया।

# सविता राठी के प्रयास ला रहे रंगः गोपालपुरा हो रहा प्लास्टिक से मुक्त

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जहां पर प्रशासन और सरकारें प्लास्टिक मुक्ति के लिए योजनाएं लाते हैं, वहीं सुजानगढ़ की गोपालपुरा पंचायत में प्लास्टिक मुक्ति के प्रयास धरातल पर काम करते भी नजर आ रहे हैं। लगातार 5 सालों की मेहनत से ये सब संभव हो पाया है। अपने आप में रचनात्मक सोच और विकास के पथ को अपना ध्येय मानने वाली गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने इसके लिए निरंतर प्रयास किए और अब जाकर ग्रामीणों को लगने लगा है कि प्लास्टिक हमारा दुश्मन है और इससे हमें हर हाल में इससे मुक्ति पानी है। प्लास्टिक मुक्ति के लिए गांव में एक अनूठी प्रतियोगिता भी शुरू की गई, जिसके तहत ग्रामीणों को प्लास्टिक के वजन के बराबर तोलकर चीनी दी जाने लगी। धीरे-धीरे इसके प्रति बच्चों में उत्साह देखा गया और उसके बाद बड़े भी इस मिशन में शामिल हुए और अब गांव के बच्चे-बच्चे को पता है कि प्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे बचने के लिए देश समाज का प्लास्टिक मुक्त होना काफी जरूरी है। गांव गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी बताती हैं कि शुरू में हमने लोगों से जब प्लास्टिक मुक्ति की बात करनी चालू की, तो लोग इसे अनावश्यक विषय मानते थे और इस पर बात भी नहीं करते थे। धीरे-धीरे स्कूलों में जाकर बच्चों को समझाया गया



और प्लास्टिक लाओ, चीनी पाओ प्रतियोगिता शुरू की गई। तब बच्चों और उनकी माताओं पर इसका असर पड़ने लगा और पंचायत पर प्लास्टिक इकट्ठा होकर आने लगी।

## शादियों में होता था प्लास्टिक का ढ़ेर

सबसे बड़ी समस्या शादी समारोहों पर होती थी। एक शादी के बाद प्लास्टिक और डिस्पोजल का ढ़ेर लगता था। जिसको पंचायत की सख्ती के बाद कुछ लोग खेतों में ले जाकर गाड़ने लगे। लेकिन इसके बाद भी समझाईश की गई। प्रत्येक समाज के भवन संचालकों से संपर्क कर पक्के बर्तन शादियों में रखने व देने की गुजारिश की गई। इसी प्रकार बर्तन बैंक खोला गया, जिसने इस समस्या के समाधान में काफी सहयोग किया। लोगों को प्लास्टिक की बजाय स्टील के बर्तन रास आने लगे।

## कोविड से शुरू हुआ सफर, अब पहुंच रहा मंजिल तक

प्रशासक सविता राठी ने बताया कि कोविड में जब लॉकडाउन लगा, तो गलियों में चारों और प्लास्टिक ही उड़ता हुआ नजर आया। तब हम लोगों ने इस समस्या के समाधान को मिशन के रूप में लिया और पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। लोगों को प्लास्टिक के नुकसानों के बारे में जानकारियां देकर मीटिगें आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन के अधिकारियों को भी समय-समय पर बुलाकर ग्रामीणों से रूबरू करवाया गया।

## अब सुप्रीम फाउण्डेशन का मिला सहारा

अब प्लास्टिक मुक्ति के अभियान में सुप्रीम फाउण्डेशन प्रशासक सविता राठी का साथी बनकर इसमें शामिल हो गया है। इसके तहत एकत्रित किए गए प्लास्टिक को सुप्रीम फाउण्डेशन को प्रदान किया जाता है और वो आगे इसे रिसाइकिल करने का काम करता है। सविता राठी ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को ट्रेक्टर के जरिये गांव में कचरा संग्रहण किया जाता है और प्लास्टिक के लिए अलग से उसमें डिब्बा रखा जाता है, जिसमें प्लास्टिक संग्रहित किया जाता है। जमा प्लास्टिक को सुप्रीम फाउण्डेशन की ओर से रिसाइकिल करने का काम किया जाता है। जो लोग प्लास्टिक खुले में फेंकते थे, अब ट्रेक्टर के आने का इंतजार करते हैं, ताकि प्लास्टिक और कचरा उसमें डाला जा सके।

## 1500 घरों में बंटेंगे जूट के थैले

दूसरी ओर घरों में गंदे प्लास्टिक के संग्रहण के लिए अलग से थैलों का वितरण किया जा रहा है। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कुल 15 सौ घरों में जूट का एक-एक थैला वितरीत किया जा रहा है। अब तक 3 सौ घरों में थैले पहुंचाए जा चुके हैं। फाउण्डेशन की ओर से आई टीम में मुंबई के अस्मिता शर्मा और मनोज कुमार भी इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं। सविता राठी ने बताया कि अब गोपालपुरा के बच्चे, महिलाएं, युवा, ग्रामीण सभी लोग प्लास्टिक मुक्त होने के लिए पूर्णतया जागरूक हैं और हमारे इस मिशन में सहयोग की भूमिका निभा रहे हैं। गांव से निकलने वाले राहगीरों, गाड़ी चालकों और सवारियों द्वारा फेंके गए प्लास्टिक को उठाने में भी अब हमारे गांव के लोगों को कोई शर्म नहीं आती, यह अपने आप में लोगों के मन में बड़ी भावना है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK

## पीसीसी चीफ रहे रामनारायण चौधरी को किया याद



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री रामनारायण चौधरी की जयंती पर रविवार को पालिका चौक में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने चौधरी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी व उन्हें याद किया। इस मौके पर निवर्तमान नपा अध्यक्ष क्रमशः नरेश सोनी व सज्जन मिश्रा ने कहा कि चौधरी ने अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस संगठन की मजबूती, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका बेदाग व सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, दृढ़ नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, नरेश सोनी, नवाब खत्री, पार्षद नन्दकिशोर यादव, शशिकांत सेनी, पीताम्बर मिश्रा, इन्द्रचंद शर्मा, कमलेश मिश्रा, सुनील जोशी, रविकांत सैन, बालकिशन शर्मा, मनीष सैनी, मनोज पराशर, विनोद, अशोक शर्मा, छोटेलाल सैनी, जाकिर रँगरेज, नवीन शर्मा, आलम अली, रोशन धोबी, रमाकांत शर्मा, बाबुलाल शर्मा, दिनेश काला, देवीसिंह मील, परमेश्वर चेजारा, सुनील सोनी, रविकांत मारवाल, सुरेश पाडलीवाला, दिनेश सैन, महेश टेलर, दिनेश मिश्रा, मनोज सोनी एवं दिनेश कालोया आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## नुआं में दादी का मंगल पाठ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नूआं में रविवार को पाली सती दादी में फाल्गुन माह का मंगल पाठ पूनम चंद टकसाली की ओर से करवाया गया। पाली सती दादी के मुख्य पुजारी सर्व ब्राह्मण एकता मंच के महामंत्री पंडित संजय शर्मा, पंडित बाबूलाल शर्मा ने बताया कि फाल्गुन माह का दादी का मंगल पाठ रविवार को किया गया इसमें दादी की भक्त गांव की महिलाएं मौजूद रही। इस अवसर पर सनातन सेवा न्यास के जुगल किशोर शास्त्री ने भी दादी के मंगल दर्शन किए। इस अवसर पर सचिन शर्मा, मंजू देवी, हेमलता शर्मा, लता शर्मा, पुष्पा देवी, विमला देवी आदि महिलाएं मौजूद रही। सती दादी का भव्य श्रृंगार व महाप्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

## महापंचायत को लेकर गांवो में जनसंपर्क



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी 27 फरवरी को उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने वाली किसान महा पंचायत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस हेतु अखिल भारतीय किसान महासभा के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया है। जिला संयुक्त सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणियां ने बडाबर, मलसीसर आदि गांवो में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए यह महा पंचायत आयोजित हो रही है, इसलिए अधिक से अधिक ग्रामीण और किसान इसमें भाग लें, ताकि सरकार की नींद उड़ सके और जन समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, सागर मेघवाल, डीवाईएफआई अध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया आदि भी मौजूद रहे।

## दहेज प्रताड़न के अलग-अलग मामलों में एक एक साल कारावास

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अजयदीप सिह ने 7 वर्ष पुराने दो अलग-अलग मामलों में मुल्जिमानों को 1-1 वर्ष साधारण कारावास व 10-10 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। परिवादीया की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट निर्मल कुमार व मुकेश शर्मा ने बताया कि बांय गांव के परिवादीया विमला व सुमन ने मुल्जिम प्रवीण और रवि कुमार व अपने ससुराल वालों के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमें एफ.आई.आर. नं. 141/2018 व 143/2018 अंतर्गत धारा 498ए, 406 व 323 भा. द.स. में न्यायालय से इस्तगासा के आधार पर तारानगर थाने में दर्ज करवाये थे। जिस पर पुलिस ने अनुसंधान कर रवि कुमार व प्रवीण कुमार के खिलाफ न्यायालय के समक्ष चार्जसीट पेश की थी, न्यायालय ने पत्रावली पर आए गवाहानों के ब्यानों, वकीलों की दलीलों व विभिन्न तथ्यों के आधार पर निर्णय सुनाते हुए मुल्जिमानों को धारा 406 में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त, धारा 498ए भा.द.स. में 1-1 वर्ष के साधारण कारावास व 10-10, हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 323 भा.द. स. में 3-3 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। परिवादीया की तरफ से पैरवी एडवोकेट निर्मल कुमार व मुकेश शर्मा ने की।

### वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट का विधिवत उद्घाटन

# कोटा व सीकर के बाद अब वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट झुन्झुनूं बनेगा एज्यूकेशन हब

जयपुर टाइम्स





**झुन्झुनूं (निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट का भव्य उद्घाटन समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह भाम्बू, विधायक, झुन्झुनूं रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक, उदयपुरवाटी व के.डी. बाबर पूर्व विधायक, लक्ष्मणगढ़ ने की। कार्यक्रम का श्री गणेश इंस्टीट्यूट भवन लोकापर्ण व फीता रसम के साथ हुआ। अतिथियों की ओर से विद्या की देवी मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन व माल्यापर्ण के साथ स्वागत गान हुआ। ढूकिया परिवार ने अतिथियों का साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर माल्यापर्ण के साथ प्रतीक चिन्ह् भेट किए। मुख्य अतिथि झुन्झुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन में संस्था को आईआईटी-जेईई, नीट एवं फाउण्डेशन के लिए मील का पत्थर बनने व बनाने का विश्वास दिलाया, उन्होनें कहा कि ढूकिया परिवार की शिक्षा के क्षेत्र में जिले में बड़ी पहचान रही है, उसी क्रम में यहां संस्थान आने वाले समय में अपनी गुणवता को साबित करेगा। विशिष्ट अतिथि के.डी. बाबर पूर्व विधायक लक्ष्मणगढ़ ने बताया कि न्यू राजस्थान एज्यूकेशन हब ने हमेशा राज्य स्तर पर शिक्षा की अलख जगाकर समाज को नया संदेश दिया है। पूर्व विधायक उदयपुटी शुभकरण चौधरी ने वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट को शिक्षा के क्षेत्र में जिला मुख्यालय पर एक बड़ी पहल बताया है, उन्होंने कहा कि झुन्झुनूं के विद्यार्थियों को कोटा व सीकर से बेहतर अध्ययन सुविधा, शिक्षा व संस्कार एक छत के नीचे मिलेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भाम्बू ने वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट की वेबसाईट बटन दबाकर लान्च की। संस्था फाउन्डर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट में अनुभवी फैकल्टीज् की टीम की ओर से विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई, नीट एवं फाउण्डेशन की विशेष तैयारी करवाई जायेगी, इसके साथ ही यहां स्मार्ट क्लास, नियमित टेस्ट सीरिज, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाऐं हर वक्त उपलब्ध रहेगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में जिले भर से पधारे संस्था प्रधानाचार्य व संस्था निदेशक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों क्रमशः दयानन्द ढूकिया, रणजीत ढूकिया, लालचन्द ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया, सुन्दर ढूकिया, इन्दिरा ढूकिया, डॉ. संदीप ढूकिया, सुनिता ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया, सहायक अभियन्ता ज्योति, मधुर ढूकिया, मनवे मांजु, नागरमल तेतरवाल, विश्मभर पूनियां, विमला चौधरी, लिलाधर डूडी, नौरंगलाल चौधरी, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल खीचड़, सरोज श्योराण, कमलकान्त शर्मा, गणेश चेत्यन्य महाराज, सोमनाथ महाराज, ओमनाथ महाराज, रामावतार लोयल, प्रहलाद जाखड़, मान महेन्द्र सिंह भाटी, महेश बिशु, पवन धौलपुरियां, मुकेश दूत, दिनेश कुलहरी, अजय रांगेरा, अमित व्यास, मोहनलाल सैनी, कपिलेश शर्मा, जय सिंह माठ, अनिल खीचड़, प्रेम कस्वां, कृष्ण कुमार जानू, नरेन्द्र झाझड़िया, रविन्द्र शेखावत, नरेन्द्र शेखावत, विलास सैनी, सुरेश कुमार, चन्दु शर्मा, महेन्द्र गढवाल, जोधराज जानू, हरलाल मोगा, अयूब खान, राकेश झाझड़िया, सुरेन्द्र शर्मा, शिव करण जानू, प्रवीण कृष्णियां, राजेश कोठारी, पवन केडिया, इकबाल लालपूरियां, नरेन्द्र कुमार जांगिड़, शौकत अली, हरिसिंह कुलहरी, मुस्ताक अली, जगदीश सिंह, धड़सीराम सैनी, सत्यदेव दड़िया, अजय प्रेमी, सुरेश थाकन, प्रदीप ईश्रवाल, कैलाश भालोठिया, अमित इन्दौरिया, सागरमल भूकल, प्रमोद बुड़ानियां, अम्मीलाल मौगा, बनवारी लाल मौगा, ईश्वर लाल जांगिड़, भगवान सिंह पूनियां, कुकड़ शाहब, सुरेश थाकन, महावीर पंधाल, संजय जाखल, जय प्रकाश कुल्हरी, वर्षा सौमरा, धड़सीराम भालोठिया, राधेश्याम सैनी, योगेन्द्र सिंह, राजकमल कटारियां, राकेश सिहाग, मनफूल बाबल, संजय धायल, पंकज गुर्जर, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, मदन प्रेमी, कमल कुल्हरी, संदीप कुमार, अमित कुमार, जय प्रकाश महला, बीरबल सिंह, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र चारण, चिरंजी लाल चौमाल, अरूण कौशिक, भंवर निवार्ण, विजय गोपाल, ताराचन्द गुप्ता, भागीरथमल पूनियां, गुलझारी लाल कालेर, सुनिल चौमाल, विद्याधर डूडी, मूलचन्द्र झाझड़िया, संदीप शर्मा, संजय परिहार, संजीव कुल्हरी, कैप्टन यूनूश खान, सज्जन लाल चुड़ी, पूर्व सरपंच औंकारमल, समाज सेवी मोहन लाल सहित प्रधानाचार्यगण संस्था निदेशक, प्रधानाचार्य, अध्यापक, अभिभावक व छात्र-छात्राऐं व संस्था स्टाफ सहित स्थानीय नागरिकों उपस्थित रहे। सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अल्ट्रा बिस्ट राजस्थानी लोक कलाकारों की पार्टी व अन्तर्राष्ट्रीय हास्य हरिश हिन्दुस्तानी ने अनेक हास्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का मंच संचालन मंगलाराम जांगिड व सुधीर शर्मा ने किया।

### कार्यकर्ताओं संग सुना 'मन की बात

# प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित जनसभा स्थल का भूमि पूजन

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



अजमेर(निसं)। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को अजमेर स्थित कायड़ विश्रामस्थली में 28 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए निर्धारित स्थल का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। भूमि पूजन के उपरांत केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सभा स्थल पर ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें प्रसारण को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि 28 फरवरी को अजमेर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अजमेर सहित राजस्थान के विकास को नई गति प्रदान करने वाली कई महत्वपूर्ण सौगातें इस अवसर पर प्रदेशवासियों को मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आमजन को जनसभा से जोड़ने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 173 लोगों की जांच कर 48 का किया ऑपरेशन के लिए चयन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से रविवार को प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में भामाशाह कमलादेवी सिंघी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से 173 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर 48 मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया गया। चयनित रोगियों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में रोगियों की निःशुल्क जांच की गई व दवा दी गई। शिविर का डॉ एस के छाबड़ा, एड निरंजन सोनी, विजय कुमार गोयल, डॉ एस एन बजाज, सुमित पाटनी, डॉ एस एन जांगिड़, विनय भूतोडिया, भामाशाह कमलादेवी सिंघी, सुशीला देवी क्याल, हरि प्रसाद तोदी, महेश तंवर, राजकुमार क्याल, डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, देवकिशन मालपानी, दानमल शर्मा ने मां सरस्वती व प्रतापसिंह सिंघी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित हुए शिविर में चूरू, सीकर, नागौर जिलों के शहरी क्षेत्र के 92 ग्रामीण क्षेत्र के 81 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर को सफल बनाने में बिमल भूतोडिया, हाजी मोहम्मद, प्रतीक चोटिया, अंकित चोटिया, कुणाल सोनी, दानमल भोजक, योगेंद्र-वीणा भोजक, रमन प्रजापत, श्रवण सांखला, रामचंद्र टेलर, अहमद लतीफ का सहयोग रहा।

# धीरवास छोटा पंचायत में 54 युवाओं का छिना मताधिकार

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत धीरवास छोटा में एसआईआर के तहत तैयार की गई मतदाता सूची को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि बड़ी संख्या में पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए, जिससे वे मताधिकार से वंचित रह गए। कांग्रेस जिला महासचिव कृष्ण कुमार सहारण ने बताया कि ग्राम पंचायत धीरवास छोटा के बूथ संख्या 70 पर 17 तथा बूथ संख्या 71 पर 37 युवाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़े गए हैं। इस प्रकार दोनों बूथों पर कुल 54 युवाओं को मतदान के अधिकार से वंचित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 19 जनवरी निर्धारित थी, जबकि संबंधित युवाओं द्वारा 17 जनवरी तक आवेदन पत्र बीएलओ द्वितीय को निर्धारित प्रपत्र में जमा करवा दिए गए थे। इन आवेदनों की लिखित रसीद भी प्राप्त की गई थी, इसके बावजूद मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं किए गए।

सहारण ने इसे असंवैधानिक बताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र सुनवाई कर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए, तो आंदोलन किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगी सविता राठी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी को जयपुर की होटल मेरियट में आयोजित होने वाली ग्राम संसद राजस्थान चैप्टर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बनने का मौका मिला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत आदि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जमीनी स्तर पर बेहतर नीतिगत ढांचे व नेतृत्व को बढ़ावा व पंचायत शासन को सुदृढ़ करने के लिए सार्थक विचार विमर्श, ज्ञान साझाकरण सत्र व समाधान उन्मुख संवाद जैसी गतिविधियां संपादित की जाएगी। ताकि सरकारी निकाय, कॉरपोरेट्स व नागरिकों के बीच मजबूत साझेदारी निभाई जा सके। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा विशिष्ट अतिथि के रूप में बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## चार घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** 132 केवी मंडावा जीएसएस में निर्धारित मेंटेनेंस कार्य संपादित किए जाने के कारण सोमवार को सुबह सात से 11 बजे तक नूआ, भोजासर, हेतमसर, शेखसर व सिगड़ा जीएसएस से संबंधित फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। यह जानकारी मण्डावा विद्युत निगम के जेइएन अजय जांगिड ने दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भानीपुरा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांकः- 159 दिनांक :-21.02.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भानीपुरा में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https// sppp. rajasthan. gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN: PDN2526WSOB00362, PDN2526WSOB00363, PDN2526WSOB00364, PDN2526WSOB00365, PDN2526WSOB00366

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भानीपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत भानीपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

**एल. एन. मेमोरियल आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, एल.एन.मेमोरियल भालेरी रोड़ - चूरू**
**कॉलेज कोड- 117**

दिनांकः- 21.02.2026

**विज्ञप्ति/प्रवेश सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परीषद्, जयपुर द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमः डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी ( DAN&P ) सत्र 2025-26 में संस्थान में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर पर की जाने वाली काउंसलिग दिनांक 24.02.2025 को प्रातः 08:00 बजे से राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परीषद्, जयपुर द्वारा पर्यवेक्षक / परीषद् प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी है। अतः सभी 10+2 उतीर्ण विद्यार्थी जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2025 को 17 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो संस्थान स्तर की काउंसलिंग में भाग लेकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

स्थान : एल.एन.मेमोरियल आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, भालेरी रोड़ - चूरू
सम्पर्क सूत्रः- 6375140408, 9887528947

# पूर्व चेयरमैन अर्जुन कुशवाहा की गाड़ी से 22 लाख नकद बरामद



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सैंपऊ कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अर्जुन कुशवाहा की गाड़ी से 22 लाख रुपये नकद बरामद हुए। मामला कंचनपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां नियमित गश्त के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध वाहन दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार कंचनपुर थाना पुलिस ने जब वाहन को रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस को शक हुआ और टीम ने तुरंत पीछा कर वाहन को रुकवाया। तलाशी लेने पर गाड़ी से 22 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। वाहन में सवार व्यक्ति की पहचान सैंपऊ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अर्जुन कुशवाहा के रूप में हुई। पूछताछ में अर्जुन कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि यह राशि वह सिंचाई विभाग के एईएन तपेंद्र मीणा से लेकर आ रहे थे। हालांकि इतनी बड़ी नकद राशि के संबंध में मौके पर कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पुलिस को मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लगा, जिसके बाद गाड़ी और बरामद नकदी को जब्त कर लिया गया। कंचनपुर थाना पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। साथ ही आयकर विभाग को भी मामले की जानकारी भेजी गई है, ताकि नकदी के स्रोत और उपयोग की जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि यह स्पष्ट किया जा रहा है कि इतनी बड़ी राशि किस उद्देश्य से और किन परिस्थितियों में लाई जा रही थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक हलकों में भी हलचल देखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। आवश्यक दस्तावेज और संबंधित पक्षों से पूछताछ के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और आयकर विभाग की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

## रंगरसिया फागोत्सव में गूंजेगी चंग की थाप



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** होली पर्व पर शेखावाटी की लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्रेंड्स वेलफेयर सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय फागोत्सव 'रंगरसिया' आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कबूतरिया कुआं क्षेत्र स्थित पक्की प्याऊ के पास गीता सदन में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।संयोजक जगदीश सैनी ने बताया कि फागोत्सव के तहत 28 फरवरी को विशेष चंग महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें चंग की थाप पर पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद 1 व 2 मार्च को गीन्दड़ कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय कलाकार शेखावाटी की समृद्ध लोक परंपराओं की प्रस्तुति देंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 'रंगरसिया' के माध्यम से युवाओं को लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा व क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में संदीप शर्मा, अश्विनी पारीक, प्रवीण नारनौलिया, राघव नारनौलिया, पंकज गोयनका, डॉ प्रभाष नारनौलिया, गगन जोशी, मनीष मिश्रा, सर्वोत्तम वैद्य, कमल तमोली, गिरीश गहलोत, कमल मारोठवाला, शशांक जोशी व हिमांशु पारीक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर फागोत्सव को सफल बनाने की अपील की।

## चंगोई मिखाला में विशाल चंग प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के निकटवर्ती ग्राम चंगोई मिखाला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को विशाल चंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने फीता काटकर व डफ बजाकर किया। इस अवसर पर राकेश जांगिड़ ने विभिन्न क्षेत्रों से पधारे लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आयोजक समिति की ओर से किया गया। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राजस्थानी संस्कृति और परंपरा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि चंग केवल एक वाद्ययंत्र नहीं, बल्कि प्रदेश की मिट्टी की गूंज है, जो लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने दूर-दराज से आई टीमों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कलाकारों की मेहनत और चंग की थाप से प्रतियोगिता में जो उत्साहपूर्ण वातावरण बनता है, वह अद्वितीय है। साथ ही प्रतियोगिता की सफलता के लिए आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कृष्ण सहारण, सुमेर सिंह, ओमसिंह गौड़, भींवसिंह गौड़, बनवारीलाल कस्वां, सोमवीर सर्वा, दुलीचंद, नारसिंह गौड़, पूर्णमल जांगिड़, भादरसिंह रेप्सवाल, सोहनलाल सुथार, दिलबाग कस्वां, कानसिंह, बजरंग सिंह, प्रमोद सोनगरा, हरिसिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं का जत्था खाटूधाम के लिए रवाना



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित श्री श्याम मंदिर से 33वीं विशाल खाटू धाम पैदल यात्रा रवाना हुई, जिसमें 300 से अधिक श्याम भक्त खाटू धाम रवाना हुए। श्रद्धालुओं में संजय जोशी, सीताराम गुलेरिया, पवन जोशी, विकास तिवाड़ी, बंटी प्रजापत, अखेचंद पांडिया, राजाराम बोहरा, युधिष्ठिर स्वामी, मुरली मनोहर जोशी, विक्रम गुलेरिया आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर बाबा की झांकी सजाई गई और मनमोहक श्रंगार करते हुए श्याम रथ सजाया गया। मोहल्ले वासियों ने पुष्प वर्षा कर भक्तों को रवाना किया।

## मिट्टी में दबे शव का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर टाइम्स/सरदारशहर(निस)।** थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने सवाई छोटी गांव के पास मिट्टी में दबा हुआ शव मिलने के मामले में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि बीकानेर हाईवे पर सवाई छोटी गांव के पास एक होटल है। 17 फरवरी की रात्रि को सवाई छोटी गांव का 40 वर्षीय सांवरमल राजपुरोहित और होटल संचालक पप्पू राम नायक दोनों शराब के नशे में थे। दोनों के बीच कहां सुनी हुई और पप्पू राम ने सांवरमल के साथ मारपीट की। घटना के वक्त सांवरमल राजपुरोहित ने अधिक शराब का सेवन किया हुआ था और मारपीट के दौरान सावरमल की मौत हो गई। उसके बाद पप्पू राम ने होटल पर काम करने वाले ओमप्रकाश नायक की सहायता से होटल के पीछे मृतक सांवरमल के शव को मिट्टी में दबा दिया। 19 फरवरी की शाम को वहां पर लोडर से मिट्टी खुदाई करते वक्त मिट्टी में शव दबा होने की जानकारी पुलिस थाने पर मिली। जिस पर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने स्वयं मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर राजकीय उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया और मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

## हरे पेड़ों की लकड़ियों से भरा मिनी ट्रक जब्त

### वन विभाग ने नंदी चौक पर की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजलदेसर में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए हरे पेड़ों की लकड़ियों से भरे एक मिनी ट्रक को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार सुजानगढ़ की ओर से आ रहे मिनी ट्रक (आरजे 19 जीजी 8098) को तिरपाल से ढककर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम सैन भवन के पास नंदी चौक पहुंची और संदिग्ध मिनी ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में हरे पेड़ों, जिनमें खेजड़ी सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी के टुकड़े भरे हुए पाए गए। मौके पर वनरक्षक प्रितम सिंह व तकनीशियन थर्ड नानूराम की ओर से मिनी ट्रक को जब्त कर वन विभाग कार्यालय राजलदेसर लाया गया। वनरक्षक प्रितम सिंह ने बताया कि जब्त वाहन में हरे पेड़ों की लकड़ियां भरी हुई थीं, जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। रविवार होने के कारण लकड़ियों का वजन व अनुमानित कीमत का आकलन सोमवार को उच्च अधिकारियों की ओर से किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में किया आह्वान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत परम पूज्य पागल बाबा के सानिध्य में जन सम्पर्क की शुरुआत की गई हैं। गौ सम्मान आह्वान अभियान धौलपुर जिला प्रभारी जिला गौ प्रचारक राम शर्मा ने बताया कि देशी नस्ल की गौ माता, जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है। उस गोवंश की घोर उपेक्षा होने से बड़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है। प्रतिदिन अनेक गो वंश सड़को, राजमार्गों पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। भारत के आधे से अधिक प्रांतों में गो वध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गोवंश का कत्लखानों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, नाम मात्र की गोशालाएँ हैं जिनमें भी व्यवस्थाएं समुचित नहीं है। अतः अब केंद्र सरकार की ओर से समुचित कानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है। जो समूचे देश में एकरूपता से लागू हो। अभियान के तहत 27 अप्रैल को धौलपुर की प्रत्येक तहसील पर गौ हत्या बंद करने के लिए व गौमाता को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री, मा राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान किया जाएगा। जिसको लेकर प्रत्येक तहसील में तहसील गौ प्रचारक बनाये गए है। धौलपुर तहसील गौ प्रचारक चंद्र प्रताप धाकरे व नरेश कुमार सैपऊ तहसील गौ प्रचारक, लोकेश तिवारी बाड़ी तहसील गौ प्रचारक, आशीष शर्मा बसेड़ी तहसील गौ प्रचारक, निरंजन फौजी और सीताराम कुशवाह सरमथुरा तहसील गौ प्रचारक, जतिन और मनीष तारुष राजाखेड़ा तहसील गौ प्रचारक, हरेंद्र फौजी और हरवीर मनिया तहसील गौ प्रचारक सचिन को बनाया गया हैं।

## एरिया डोमिनेशन अभियान में 422 स्थानों पर दबिश, 133 के खिलाफ कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अपराधियों की धरपकड़ व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से रविवार अलसुबह से एरिया डॉमीनेशन का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड के सुपरवीजन में जिलेभर में 53 टीमों ने 422 स्थानों पर दबिश देकर हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधियों, अवैध हथियार, शराब व मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान में करीब 200 पुलिस अधिकारियों व जवानों ने भाग लेते हुए कुल 133 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें 3 जघन्य प्रकरणों में वांछित, 2 सामान्य प्रकरणों में वांछित, 14 स्थाई वारंटी/उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य अधिनियमों के तहत 106 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों ने जिले के 127 हिस्ट्रीशीटरों व आर्म्स एक्ट के अभ्यस्त 442 अपराधियों के ठिकानों पर औचक रेड डालकर उनकी गतिविधियों की जांच की। इस दौरान 13 हिस्ट्रीशीटरों एवं 86 अन्य के खिलाफ इंसदादी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान थाना कंचनपुर पुलिस ने 52 अवैध देशी शराब के पव्वे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं थाना सदर धौलपुर पुलिस ने अवैध खनन के मामले में 8 टन पत्थर जब्त किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वांछित आरोपियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डॉ. सतीश पूनिया ने पंचकूला में केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से की शिष्टाचार भेंट



जयपुर टाइम्स

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने रविवार को पंचकूला में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक विषयों व समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। भेंट के दौरान पार्टी संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पार्टी की गतिविधियों व संगठनात्मक कार्यों को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ।

## रूपाराम हाकला की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर, 48 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** ग्राम पंचायत सीतारामपुरा में रूपाराम हाकला की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मण खटाना, रामलाल गुर्जर, सरदार गुग्लया, मास्टर देवाराम व वार्ड पंच शिवनारायण ने किया। डॉ. रामपाल ब्लड बैंक की मेडिकल टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में युवाओं व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर के दौरान प्रधान सहदेव गुर्जर, सरपंच हरिराम वर्मा, पुरुषोत्तम मीणा, मूलचंद गुर्जर, शिवराज हाकला, बंटी गुर्जर, नीतू गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर व लक्ष्मण गुर्जर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

## तनुजा अग्रवाल ने की बालिका विद्यालय में आर्थिक सहायता

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं में रोटरी क्लब मिडटाउन जयपुर की अध्यक्षा तनुजा अग्रवाल की ओर से विद्यालय की 12 छात्राओं को आर्थिक सहायता भेंट की। जिन छात्राओं के पिता का असमय ही निधन हो गया, प्रत्येक को 10,000 रुपये की राशि का चेक सहायता के रूप में दिया गया। इस तरह कुल 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि दी गई। रोटरी क्लब मिडटाउन की ओर से प्रति वर्ष विद्यालय की विधवा माताओं को जिनकी बच्चियां इस विद्यालय में पढ़ती है, उन्हें ये राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय की प्राचार्य ममता थरेजा ने छात्राओं तथा उनकी माताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव डॉ. आदित्य नाग, पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल बजाज, अरविंद कुमार शर्मा, सुषमा बजाज, मयूर यूनीकार्टर के प्रतिनिधि मुकेश सिंह, विष्णु शर्मा, सभी बालिकाओं की माताएं, स्कूल स्टाफ के सुरेश सैनी, भूमिजा कव्या, पूनम पारीक, कमलेश कटारिया, नम्रता कुमावत, प्रियांशु कौशिक, सुमन देवी, मनफूली देवी आदि उपस्थित रहे।

## पंच दिवसीय समारोह का होगा आयोजन, आज निकलेगी शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रणछोड़ नगरी स्थित श्री लोंगपुर कैलाश धाम मंदिर परिसर में नव निर्मित श्री खाटू श्याम बाबा मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पंच दिवसीय समारोह 23 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तहत सोमवार को प्रातः 10 बजे श्री गणेश मंदिर, भार्गव वाटिका से श्री खाटू श्याम जी की शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण निकाला जाएगा, जो गुलाब बाग, मयूरी हॉस्पिटल, बस स्टैंड, संतर रोड, तोप चौराहा, पुरानी सब्जी मंडी, लाल बाजार, जगन चौराहा, हरदेव नगर, घंटाघर रोड व वाटर वर्क्स चौराहे से होते हुए श्री लोंगपुर सिद्ध बाबा कैलाश धाम पहुंचेगी। शोभायात्रा का शुभारंभ जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से किया जाएगा। इसके उपरांत 26 फरवरी तक धार्मिक रीति-रिवाज से प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान होंगे। 27 फरवरी एकादशी को प्रातःकाल मूर्ति प्रतिष्ठा के बाद दोपहर एक बजे से प्रसादी व सायं पांच बजे से श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया जाएगा।

## 10 नाबालिग़ भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन (बाल अधिकारिता विभाग की ओर से खाटूश्याम जी से 10 नाबालिग बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। जिनमें 7बच्ची ओर 3 बच्चे है इनकी उम्र 8 से 15 के बीच है।रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष पेश किया गया और यह कार्रवाई भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम में मौजूद मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी सी आई सुनीता बॉयल, कमलेश, कौशल्या, सुलोचना, प्रेम प्रकाश चाईल्ड हेल्प लाइन से काउंसलर राकेश चिरानिया, विनीत वर्मा, ममता सैनी आदि शामिल रहे।

## बालिका विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण, चौथी बार पहुंची सेटलमेंट टीम ने केवल किया चिन्हीकरण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नगर पालिका की ओर से बालिका विद्यालय के लिए खसरा नंबर 3949 में आवंटित 13 बिस्वा भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई सवालों के घेरे में है। शनिवार को चौथी बार मौके पर पहुंची लॉटरी सेटलमेंट टीम ने अतिक्रमण हटाने के बजाय केवल जमीन का चिन्हीकरण कर औपचारिकता पूरी कर दी, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार उक्त भूमि वर्ष 2002 में बालिका विद्यालय के लिए नगर पालिका की ओर से आवंटित की गई थी। आरोप है कि खसरा नंबर 3948 के मालिक माखन सिंह ने वर्ष 2018 के बाद मकान निर्माण के दौरान विद्यालय की भूमि के हिस्से पर भी कब्जा कर लिया। मामले की शिकायत के बाद वर्ष 2025 में दो बार व 5 जनवरी 2026 को तीसरी बार सीमांकन किया जा चुका है। 21 फरवरी को सेटलमेंट टीम एक बार फिर तहसीलदार दीप्ति देव, कार्यवाहक नगर पालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र तिवारी सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन जेसीबी उपलब्ध होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। प्रशासन ने अवैध कब्जाधारक को सात दिन में भूमि खाली करने का नोटिस दिया है। बार-बार सीमांकन के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटने से आमजन में नाराजगी है। अब देखना यह है कि निर्धारित समयावधि के बाद प्रशासन अतिक्रमण हटाने में सफल होता है या नहीं।

## चितौरा में विराट हिन्दू सम्मेलन 27 को, तैयारी बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में परौआ मंडल के बाबू महाराज मंदिर, चितौरा में 27 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य हिन्दू जागरण को नई दिशा प्रदान करते हुए सनातन संस्कृति, धर्म एवं सामाजिक एकता को सशक्त करना है। साथ ही युवा पीढ़ी को सनातन मूल्यों को अपनाने एवं समाज को संगठित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, स्वदेशी भाव, नागरिक कर्तव्य व सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में बाबू महाराज महंत केदार शर्मा, चैतन्य त्यागी, कप्तान जाट (पूर्व सरपंच), हाकिम, वीरेंद्र, रामू, सुरेश सेठ महाप्रसाद सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 120 मरीज लाभान्वित




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर व एसडीएम हॉस्पिटल बाड़ी रोड के सहयोग से रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीईओ जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. डी.के. बंसल की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में लगभग 120 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं जांच सुविधा का लाभ उठाया, जबकि 60 लोगों की बीएमडी जांच की गई। इस दौरान टीबी एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. रामलखन गोयल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अशोक जिंदल, सामान्य फिजिशियन डॉ. दीपेश अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंहल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता सिंहल, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. किशन सिंह पलावत एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में हड्डी घनत्व जांच (बीएमडी), एक्स-रे, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। मुख्य अतिथि ए.एन. सोमनाथ ने परिषद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए चिकित्सकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मचकुंड परिसर की सफाई में सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रांत प्रकल्प प्रभारी जयंत मोदी, राजीव झा, आरएसएस जिला प्रचारक रौनक जी, परिषद उपाध्यक्ष विजय राणा, राकेश गर्ग, गोविंद गर्ग, विनेश गर्ग, दिनेश गर्ग, मनोज भट्ट, सचिव जितेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी भगवान सिंह मीना, अनुराग गर्ग, डॉ. निखिल अग्रवाल, डॉ. रेणु अग्रवाल सहित एसडीएम हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा। अंत में जयंत मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।